
# वैदिक सनातन धर्म

(शंका समाधान)



आचार्य दीपक

तर्क, बुद्धि, शास्त्र प्रमाण एवं विज्ञान के आधार पर
सनातन धर्म को जाने

ओ३म्

# वैदिक सनातन धर्म

## (शंका समाधान)

## तर्क, बुद्धि, शास्त्र प्रमाण और विज्ञान के आधार पर सनातन धर्म को जाने


<u>**लेखक**</u>

**आचार्य दीपक**

(वैदिक विद्वान)

संस्थापक- स्थितप्रज्ञ संस्थान



स्थितप्रज्ञ

वेदोऽखिलो धर्ममूलम्

**स्थितप्रज्ञ संस्थान**

रायपुर, छत्तीसगढ़


www.vaidikgurukul.in

**प्रथम संस्करण**

वर्ष - 2024

Copyright © 2024 Deepak Ghosh

All rights reserved. No portion of this publication may be reproduced, shared, or transmitted in any form or by any method—whether it be photocopying, recording, or through electronic or mechanical means—without prior written consent from the author. Exceptions may apply for brief quotations used in critical reviews or for non-commercial purposes as allowed under the Copyright Act of 1957 and the 1958 Copyright Rules. For permission requests, please contact the publisher at the address provided.

This book must not be distributed in any format or cover other than the one authorized.

**संपादन एवं डिजाइनिंग** : आचार्य दीपक

**मूल्य** : **₹850/-** (Paperback)

**ISBN** : 978-93-341-4606-6

**प्रकाशक** : **स्थितप्रज्ञ संस्थान**
टैगोर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001

वेबसाइट : www.vaidikgurukul.in
ईमेल : vaidikgurukulonline@gmail.com
संपर्क सूत्र : 9752201318

www.vaidikgurukul.in

# उद्देशिका

यह पुस्तक मानव समाज को सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों से पुनः परिचित कराने का एक प्रयास है — जो वेद, उपनिषद और षड्दर्शन जैसे प्राचीन और शाश्वत ग्रंथों पर आधारित हैं। आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने अपनी समृद्ध वैदिक संस्कृति और मूल शिक्षाओं को लगभग भुला दिया है। यह पुस्तक उन विस्मृत वैदिक सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने का माध्यम है।

प्राचीन भारत, जिसे कभी 'विश्वगुरु' की उपाधि प्राप्त थी, उसकी शक्ति का मूल स्रोत वेदाध्ययन, नैतिक चरित्र निर्माण और गुरुकुल केंद्रित शिक्षा पद्धति थी। आज उस महान परंपरा की पुनर्स्थापना न केवल हमारा सांस्कृतिक उत्तरदायित्व है, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य भी है। यही इस पुस्तक का प्रमुख उद्देश्य है—गुरुकुल परंपरा के पुनरुद्धार के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों, भ्रांतियों और अवैदिक आस्थाओं का उन्मूलन।

जब तक हम इन बाधाओं को दूर नहीं करेंगे, तब तक न तो समाज का वास्तविक उत्थान संभव है, और न ही विश्वकल्याण की राह प्रशस्त हो सकती है। वैदिक ज्ञान और नैतिक शिक्षा ही वह आधार हैं, जिनके माध्यम से एक समरस, संतुलित और उन्नत मानव समाज की स्थापना संभव है।

**स्थितप्रज्ञ संस्था के उद्देश्य:**

- वैदिक ज्ञान को सरल भाषा में जनसाधारण तक पहुंचाना।
- यज्ञ और हवन की महत्ता को पुनर्स्थापित करना।
- शुद्ध वैदिक कृषि और पर्यावरण की सुरक्षा को प्रोत्साहित करना।
- आयुर्वेदिक जीवनशैली और शुद्ध शाकाहारी आहार को बढ़ावा देना।
- वैदिक सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा और प्रचार करना।
- समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव को समाप्त करना।
- गुरुकुल प्रणाली की पुनः स्थापना और नैतिक शिक्षा का प्रसार करना।
- वेदों और शास्त्रों के अध्ययन और स्वाध्याय के प्रति प्रेरित करना।

इस महान उद्देश्य की पूर्ति के लिए आपका सहयोग और समर्थन अत्यंत आवश्यक है। आप सभी से अनुरोध है कि इस अभियान में हमारे साथ जुड़ें और सनातन धर्म की गौरवशाली धरोहर को पुनः जागृत करने में अपना योगदान अवश्य दें।

www.vaidikgurukul.in

# भूमिका

भारतीय सभ्यता और संस्कृति की जड़ें अत्यंत प्राचीन और समृद्ध हैं, जिनकी नींव सनातन वैदिक धर्म पर आधारित है। यह धर्म केवल पूजा-अर्चना का मार्ग नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला, आध्यात्मिक प्रगति और मानवता के कल्याण की दिशा में मार्गदर्शन देने वाला एक व्यापक जीवनदर्शन है। युगों-युगों से, इस धर्म ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किकता, और वैदिक ज्ञान के माध्यम से मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को सार्थक और संतुलित बनाने का प्रयास किया है।

हालांकि, आधुनिक युग में तकनीकी उन्नति और वैज्ञानिक विकास ने कई लोगों के मन में शास्त्रों, धार्मिक सिद्धांतों और वैदिक ज्ञान के प्रति संदेह उत्पन्न किए हैं। वे यह प्रश्न उठाते हैं कि क्या सनातन धर्म का ज्ञान आज के युग में भी प्रासंगिक है? क्या वैदिक ऋचाएँ और उपनिषदों में दी गई शिक्षाएँ वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्यापित की जा सकती हैं? ऐसे ही प्रत्येक प्रश्नों और शंकाओं का समाधान प्रस्तुत पुस्तक के माध्यम से दिया गया है।

इस पुस्तक का उद्देश्य है कि वह पाठकों को तर्क, बुद्धि, शास्त्र प्रमाण और विज्ञान के आधार पर सनातन वैदिक धर्म की गहनता को समझने में सहायता प्रदान करे। इसमें उन शंकाओं का उत्तर देने का प्रयास किया गया है जो सनातन धर्म और आधुनिक विज्ञान के मध्य विरोधाभास उत्पन्न करती हैं। इस प्रयास में हमने वेद, उपनिषद, ब्राह्मण ग्रंथ, षड्दर्शन, गीता तथा अन्य वैदिक ग्रंथों के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान के सिद्धांतों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया है, परंतु हमें यहां भी ज्ञात होना चाहिए कि जिस प्रकार किसी भी विवाद के समाधान के लिए सुप्रीम कोर्ट का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होता है, उसी प्रकार धर्म से जुड़ी जिज्ञासाओं और विवादों के समाधान के लिए वेदों का निर्णय सर्वोपरि और अंतिम प्रमाण माना जाता है। जब भी किसी विषय पर वेद और किसी अन्य ग्रंथ के मध्य विरोधाभास या मतभेद उत्पन्न होता है, तो वेद ही सर्वमान्य होते हैं और उनका निर्णय ही अंतिम प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाता है।

वैदिक शास्त्रों और वेद मंत्रों का गलत भाष्य (व्याख्या) और समय-समय पर उनमें हुई मिलावट(प्रक्षिप्तीकरण) ने सनातन धर्म की मौलिकता और सत्यता पर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि वेदों का सही अर्थ समझने के लिए केवल संस्कृत भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस विषय का भी गहन ज्ञान होना आवश्यक है, जिसमें वेद के मंत्रों का उपयोग किया गया है।

यहां **भाषा** और **विषय ज्ञान** के महत्व को स्पष्ट करना जरूरी है। यदि किसी व्यक्ति को संस्कृत भाषा का अच्छा ज्ञान है, परंतु उसे जिस विषय पर वेद मंत्र आधारित हैं, उसकी सही समझ नहीं है (जैसे कि भौतिकी, चिकित्सा, ज्योतिष, आदि), तो वह वेदों के मंत्रों का सही अर्थ करने में विफल हो सकता है। यही समस्या समय-समय पर हमारे शास्त्रों के साथ हुई।

www.vaidikgurukul.in

कई विद्वानों ने संस्कृत भाषा में निपुणता प्राप्त तो कर ली, परंतु वेदों के उन विषयों को गहराई से नहीं समझ पाए, जिनसे वे मंत्र जुड़े थे। इसके कारण कई स्थानों पर वेदों का गलत अर्थ और व्याख्या की गई, जिससे सनातन धर्म की शिक्षाओं को ठीक से समझने में बाधा उत्पन्न हुई।

वेदों को समझने के लिए सिर्फ भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। वेदों का अध्ययन करते समय **वेदांग** (शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद और ज्योतिष) को जानना आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति बिना वेदांगों का अध्ययन किए वेदों का भाष्य करता है, तो वह मंत्रों का गलत अर्थ निकाल सकता है। वेदांग वेदों की गहरी समझ प्रदान करते हैं और उनके सही अर्थ तक पहुंचने के लिए मार्गदर्शन करते हैं। जो लोग सिर्फ भाषा की दृष्टि से वेदों को समझने का प्रयास करते हैं, वे अकसर मंत्रों का अर्थ बदल देते हैं, जिससे उनका वास्तविक उद्देश्य और ज्ञान अनर्थ में बदल जाता है।

यह पुस्तक उन सभी शंकाओं और प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत करती है, जो सनातन वैदिक धर्म के सिद्धांतों, परम्पराओं और विश्वासों के संदर्भ में उठती हैं। इस पुस्तक का उद्देश्य न केवल शास्त्रों के प्रमाण के आधार पर धार्मिक मान्यताओं का उत्तर देना है, बल्कि तर्क और विज्ञान के दृष्टिकोण से भी सनातन धर्म की प्रासंगिकता और गहनता को समझाना है। सनातन धर्म की विशेषता यह है कि यह हमें एक खुला और विचारशील दृष्टिकोण प्रदान करता है, जहाँ तर्क और आस्था का समन्वय संभव है। यह धर्म सदा से मानव मस्तिष्क को प्रोत्साहित करता आया है कि वह केवल आंखें मूंदकर विश्वास न करे, बल्कि हर विषय को तर्क और बुद्धि से समझने का भी प्रयास करे। इसी दृष्टिकोण के आधार पर, यह पुस्तक सनातन धर्म के विभिन्न सिद्धांतों का विश्लेषण करती है और उन पर उठने वाले शंकाओं का समाधान प्रस्तुत करती है।

पुस्तक में वेद, ब्राह्मण ग्रंथों, उपनिषद, गीता और षड्दर्शनों जैसे शास्त्रों से प्रमाण देकर धर्म के गूढ़ सिद्धांतों को स्पष्ट किया गया है। साथ ही, आधुनिक विज्ञान के साथ तुलनात्मक दृष्टिकोण रखते हुए, यह सिद्ध किया गया है कि सनातन धर्म के सिद्धांत आज भी वैज्ञानिक दृष्टि से मान्य हैं और मानव जीवन के हर क्षेत्र में समावेशित हो सकते हैं।

यह पुस्तक उन सभी पाठकों के लिए है जो सनातन धर्म के सिद्धांतों को तर्क और बुद्धि के आधार पर समझना चाहते हैं, जो अपने धार्मिक विश्वासों को आधुनिक संदर्भ में परखना चाहते हैं। इसके माध्यम से हम सभी एक नई दृष्टि प्राप्त करेंगे, जहाँ धर्म, विज्ञान और तर्क के समन्वय से जीवन के महान प्रश्नों का उत्तर मिल सके। शंका समाधान की यह यात्रा आपको न केवल धर्म की गहराईयों में ले जाएगी, बल्कि आपको यह भी सिखाएगी कि तर्क, बुद्धि और शास्त्र कैसे एक साथ आकर मानव जीवन के रहस्यों को सुलझाने में सहायक हो सकते हैं।

पाठकों से विनम्र अनुरोध है कि वे इस पुस्तक को खुले मन और तर्कशील दृष्टिकोण से पढ़ें और उन शंकाओं को शांत करने का प्रयास करें जो उनके मन में वैदिक धर्म और आधुनिक

www.vaidicgurukul.in

विज्ञान के बीच सामंजस्य को लेकर उत्पन्न होती हैं। हमारा प्रयास यही है कि हम सभी वैदिक सनातन धर्म की महानता और वैज्ञानिकता को पुनः स्थापित कर सकें और भविष्य की पीढ़ियों को इसका लाभ दे सकें।

आशा है कि इस पुस्तक के माध्यम से आपको न केवल अपने शंकाओं का समाधान मिलेगा, बल्कि सनातन वैदिक धर्म की गहराई और वैज्ञानिकता का भी एक नया दृष्टिकोण प्राप्त होगा।

— **आचार्य दीपक**

www.vaidikgurukul.in

# विषय सूची


1. वैदिक सनातन धर्म के मूल सिद्धांत
2. मनुष्य जन्म का उद्देश्य: वेदों के अनुसार
3. पंच क्लेश: पांच प्रकार के मिथ्या ज्ञान
4. धर्म क्या है?
5. स्वधर्म और आपद्धर्म
6. छ: प्रकार की वास्तविक संपत्ति
7. मनुष्य जन्म की सफलता का मापदंड
8. अध्यात्म क्या है?
9. अभ्यास और वैराग्य
10. ज्ञान, कर्म एवं उपासना योग
11. कर्म एवं कर्म फल सिद्धांत
12. कर्म के अनुसार पुनर्जन्म
13. वेदों में परमात्मा का स्वरूप
14. आत्मा का स्वरूप
15. मोक्ष क्या है?
16. मोक्ष प्राप्ति के साधन : अष्टांग योग
17. वैदिक आश्रम व्यवस्था: जीवन के चार चरण
18. ब्रह्मचर्य
19. गृहस्थ आश्रम एवं मोक्ष
20. वैदिक सोलह संस्कार
21. रामायण की नैतिक शिक्षाएं एवं उनका व्यावहारिक अनुप्रयोग
22. महाभारत की नैतिक शिक्षाएं एवं व्यवहारिक अनुप्रयोग
23. भगवत गीता की नैतिक शिक्षाएं एवं उनका व्यावहारिक अनुप्रयोग
24. मनुस्मृति एवं उसका वैश्विक प्रभाव
25. वैदिक सभ्यता
26. वेदांग क्या है?
27. फलित ज्योतिष और वेदांग ज्योतिष: तुलनात्मक अध्ययन
28. वैदिक साहित्य परिचय
29. वेद क्या हैं?
30. वेदों में विज्ञान
31. वेद और पुराण: तुलनात्मक विश्लेषण
32. त्रिगुणात्मक प्रकृति
33. इंद्रियां,मन और अंतःकरण
34. स्वप्न अवस्था
35. वर्ण व्यवस्था


www.vaidikgurukul.in

36. जाति और जातिवाद
37. यज्ञ/अग्निहोत्र का महत्व
38. पंच महायज्ञ
39. तैंतीस कोटि देव
40. माँसाहार: एक वैदिक दृष्टिकोण
41. अष्ट प्रमाण
42. आर्य कौन है?
43. विवाह: उचित या अनुचित
44. वैदिक धन उपार्जन सिद्धांत
45. भारत विश्व गुरु
46. वैदिक ऋषि और उनके आविष्कार
47. आयुर्वेद
48. नमस्ते: एक आदर्श अभिवादन
49. सृष्टि उत्पत्ति
50. वैदिक यज्ञ: अश्वमेध, नरमेध, अजमेध, गोमेध
51. दान का वास्तविक अर्थ
52. शरीर एवं आत्मा की विभिन्न अवस्थाएं
53. भारतीय दर्शन
54. अद्वैतवाद, विशिष्टाद्वैतवाद, द्वैतवाद, और शुद्धाद्वैतवाद
55. वेदों में नारी का स्थान
56. वेदों में जादू-टोने की भ्रांति
57. मूर्तिपूजा एवं अवतारवाद
58. अष्ट चक्र
59. ईश्वरीय ग्रंथ की पहचान
60. ब्रह्म मुहूर्त
61. वैदिक नित्य दिनचर्या
62. नित्य वैदिक प्रार्थना मंत्र
63. महत्वपूर्ण वैदिक मंत्र अर्थ सहित
64. संस्कृत भाषा
65. अष्ट सिद्धियाँ
66. साम, दाम, दंड, भेद: चार प्रकार के बल
67. भारत में गुरुकुल परंपरा होते हुए गुलामी कैसे संभव हुई
68. भारत का उन्नत ज्ञान-विज्ञान अन्य देशों तक कैसे फैला
69. उपवास का अर्थ
70. काल और समय
71. शास्त्र में हुए मिलावट को कैसे पहचाने
72. वैदिक पर्व
73. वैदिक विज्ञान Vs आधुनिक विज्ञान
**74. शंका समाधान प्रश्नोत्तरी**
प्रश्न. 1 - क्या ईश्वर है? यदि है तो दिखाई क्यों नहीं देता है?
प्रश्न. 2 - क्या ईश्वर अवतार लेते हैं?
www.vaidikgurukul.in

प्रश्न. 3 - यदि ईश्वर अवतार नहीं लेते तो श्री राम, श्री कृष्ण कौन है?
प्रश्न. 4 - ब्रह्मा, विष्णु और शिव कौन है ?
प्रश्न. 5 - इंद्र कौन है ?
प्रश्न. 6 - मंदिर शब्द का अर्थ, मंदिर जाना उचित या अनुचित है ?
प्रश्न. 7 - परमात्मा का सर्वश्रेष्ठ नाम क्या है ?
प्रश्न. 8 - क्या रामायण और महाभारत काल्पनिक हैं?
प्रश्न. 9 - श्री कृष्ण कौन है ?
प्रश्न. 10 - श्री राम कौन है ?
प्रश्न. 11 - क्या हनुमान जी बंदर थे ?
प्रश्न. 12 - शिव जी कौन है ?
प्रश्न. 13 - पितर/पितृपक्ष, श्रद्धा और तर्पण क्या है ?
प्रश्न. 14 - क्या भूत प्रेत होते हैं ?
प्रश्न. 15 - क्या मूर्ति में परमात्मा है ?
प्रश्न. 16 - क्या 84 लाख योनियाँ होती है ?
प्रश्न. 17 - स्वर्ग और नर्क क्या है ?
प्रश्न. 18 - भाग्य बड़ा है या कर्म?
प्रश्न. 19 - धर्म बड़ा है या कर्म?
प्रश्न. 20 - परमात्मा के मुख्य कार्य कौन-कौन से हैं?
प्रश्न. 21 - क्या हम परमात्मा को पूर्ण रूप से जान सकते हैं ?
प्रश्न. 22 - परमात्मा की उपासना के क्या लाभ है?
प्रश्न. 23 - परमात्मा की उपासना कैसे की जाती है?
प्रश्न. 24 - क्या गंगा में डुबकी, पूजा-पाठ, कथा, यज्ञ, हवन अथवा प्रायश्चित करने से पाप धुल जाते हैं?
प्रश्न. 25 - दु:ख क्या है यह कितने प्रकार के होते हैं?
प्रश्न. 26 - क्या गाय हमारी माता है?
प्रश्न. 27 - सप्तर्षि कौन है?
प्रश्न. 28 - क्या नाम जप, पूजा पाठ से ईश्वर की प्राप्ति संभव है?
प्रश्न. 29 - क्या वेदों में मिलावट संभव है ?
प्रश्न. 30 - क्या तीर्थ यात्रा से पाप धुलते हैं ?
प्रश्न. 31 - क्या द्रौपदी के पांच पति थे ?
प्रश्न. 32 - गुरु कौन है और किसे गुरु बनाना चाहिए ?

www.vaidicgurukul.in

# 1. वैदिक सनातन धर्म के मूल सिद्धांत

**वैदिक सनातन धर्म** मानव जीवन के शाश्वत सिद्धांतों और आध्यात्मिक ज्ञान का स्रोत है।, जिसे हम वैदिक धर्म के नाम से भी जानते हैं। इसका आधार वेदों में निहित ज्ञान है, जो मानव जीवन, प्रकृति और ब्रह्मांड के सत्य को समझने का मार्ग प्रदान करता है। "**सनातन**" का अर्थ है शाश्वत, अनादि या अनंत, जो यह दर्शाता है कि यह धर्म सृष्टि के आरंभ से ही अस्तित्व में है और इसके सिद्धांत सार्वभौमिक और शाश्वत हैं। यह धर्म सृष्टि के नियमों और ब्रह्मांड के सनातन सत्य पर आधारित है, इसलिए इसे वैदिक सनातन धर्म कहा जाता है। वैदिक सनातन धर्म न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह जीवन के मूलभूत सिद्धांतों, सामाजिक व्यवस्था, नैतिकता, और आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग को भी प्रस्तुत करता है।

**वैदिक सनातन धर्म के मूल सिद्धांत:**

**1. ऋत (ऋत) — प्राकृतिक और नैतिक आदेश**

'ऋत' वह सिद्धांत है जो इस जगत की समस्त प्राकृतिक और नैतिक व्यवस्था को नियंत्रित करता है। यह धर्म के नियमों के पालन और प्राकृतिक नियमों के साथ सामंजस्य की बात करता है। वैदिक सनातन धर्म में ऋत का पालन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जगत की संरचना और संतुलन का आधार है। सूर्य का उदय होना, ऋतुओं का आना, और प्राणी मात्र का जीवन— सभी ऋत के भाव हैं।

**2. धर्म — कर्तव्य और नैतिकता**

'धर्म' का मूल अर्थ है 'धारण करना' या 'समाज, प्रकृति और जीवन को संतुलित और संरक्षित रखना'। वैदिक सनातन धर्म में धर्म का व्यापक अर्थ होता है, जिसमें नैतिकता, सामाजिक कर्तव्य, और आध्यात्मिक उन्नति के सिद्धांत आते हैं। हर व्यक्ति का अपना स्वधर्म (अपना कर्तव्य) होता है, जो उनकी आयु, जाति, लिंग और परिस्थिति के अनुसार भिन्न होता है। धर्म का पालन करना जीवन का परम लक्ष्य है, क्योंकि इससे समाज और आत्मा दोनों का कल्याण होता है।

**3. सत्य — सत्य की खोज और पालन**

वेदों में सत्य को सर्वोपरि माना गया है। "सत्यमेव जयते" (सत्य ही विजय पाता है) वैदिक सनातन धर्म का मूलमंत्र है। सत्य का पालन करना, सत्य को जानना और सत्य के मार्ग पर चलना एक आध्यात्मिक साधक का परम लक्ष्य है। यह केवल बाहरी सत्य नहीं है, बल्कि आत्मा का आंतरिक सत्य, जो आत्मानुभूति और ब्रह्मज्ञान के रूप में प्रकट होता है।

**4. यज्ञ — कर्म और आत्मोत्सर्ग**

www.vaidikgurukul.in

यज्ञ वैदिक सनातन धर्म का एक केंद्रीय अनुष्ठानिक कृत्य है, जो कर्म, त्याग, और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। यज्ञ न केवल अग्नि में आहुति डालने का कर्मकांड है, बल्कि यह अपने अहंकार, इच्छाओं और स्वार्थों का आत्मोत्सर्ग भी है। यज्ञ का गहरा आध्यात्मिक महत्व है, जो विश्व की स्थिरता और व्यक्तिगत आत्मोन्नति दोनों में योगदान देता है। यज्ञ से जगत का संतुलन बना रहता है, और यह समाज में सामूहिक कल्याण का भी प्रतीक है।

### 5. कर्म और पुनर्जन्म — कर्म के सिद्धांत

वैदिक सनातन धर्म में कर्म का सिद्धांत अत्यंत महत्वपूर्ण है। कर्म का अर्थ है 'कर्म करना' या 'क्रिया', और यह सिद्धांत बताता है कि प्रत्येक जीव अपने कर्मों के अनुसार ही अपने जीवन का निर्माण करता है। अच्छे कर्म से व्यक्ति को उत्तम फल मिलता है, जबकि बुरे कर्म से दुखों का सामना करना पड़ता है। पुनर्जन्म का सिद्धांत भी इसी कर्म पर आधारित है—जन्म और मृत्यु का चक्र तब तक चलता रहता है, जब तक आत्मा मोक्ष प्राप्त नहीं कर लेती।

### 6. मोक्ष — आत्मा की मुक्ति

मोक्ष वैदिक सनातन धर्म का अंतिम लक्ष्य है। मोक्ष का अर्थ है आत्मा का जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाना और परमात्मा के साथ एकत्व प्राप्त करना। यह आत्मा की परम शांति और आनंद की अवस्था है, जहां व्यक्ति संसार के बंधनों से मुक्त हो जाता है। मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग ज्ञान, भक्ति (ईश्वर प्रेम), और कर्म (निष्काम कर्म) के माध्यम से होता है।

### 7. आत्मा और ब्रह्म — एक होते हुए भी भिन्न है

वैदिक सनातन धर्म के अनुसार, आत्मा (जीवात्मा) और ब्रह्म (परमात्मा) में अनेक समानताएं एवं भिन्नताएं भी है। ब्रह्म परम चेतन तत्व है, जो अदृश्य, असीम और सर्वव्यापी है। आत्मा ब्रह्म का अंश है, और जब आत्मा इस सच्चाई का अनुभव करती है, तब मोक्ष की प्राप्ति होती है। उपनिषदों में इस ज्ञान को 'ब्रह्मविद्या' कहा गया है, और यही वैदिक सनातन धर्म का परम सत्य है।

### 8. वर्ण और आश्रम — सामाजिक व्यवस्था

वैदिक सनातन धर्म में समाज को चार वर्णों और चार आश्रमों में विभाजित किया गया है। चार वर्ण हैं:

1. **ब्राह्मण** — ज्ञान और धर्म के शिक्षक।
2. **क्षत्रिय** — शासन और रक्षा के अधिकारी।
3. **वैश्य** — व्यापार और कृषि के कर्ता।
4. **शूद्र** — सेवा और श्रम का कार्य करने वाले।

चार आश्रम हैं:

www.vaidikgurukul.in

1. **ब्रह्मचर्य** — शिक्षा और संयम का जीवन।
2. **गृहस्थ** — परिवार और समाज का पालन।
3. **वानप्रस्थ** — सेवानिवृत्ति और आध्यात्मिक साधना।
4. **संन्यास** — संसार का त्याग और मोक्ष की प्राप्ति का प्रयास।

यह व्यवस्था जीवन के हर चरण और समाज के हर वर्ग को अपने कर्तव्यों का पालन करने का मार्गदर्शन करती है, जिससे समाज में संतुलन और सामंजस्य बना रहता है। वैदिक सनातन धर्म एक ऐसा जीवन मार्ग है, जो शाश्वत सत्य, कर्म, धर्म, और मोक्ष के सिद्धांतों पर आधारित है। यह धर्म केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू—चाहे वह व्यक्तिगत हो, सामाजिक हो या आध्यात्मिक—को संतुलित और समृद्ध बनाने की दिशा में काम करता है। यह मानव जीवन के शाश्वत मूल्यों और नैतिकता पर आधारित है, जो व्यक्ति को आत्मिक उन्नति और सामूहिक कल्याण की ओर प्रेरित करता है।

वेदों का ज्ञान और उनका आचरण हमें यह सिखाता है कि हम अपनी आत्मा की वास्तविकता को पहचानें, अपने कर्मों का उचित रूप से पालन करें, और जीवन के अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति की ओर अग्रसर हों। वैदिक सनातन धर्म का उद्देश्य केवल आध्यात्मिक साधना ही नहीं है, बल्कि यह करुणा, सह-अस्तित्व, और सत्य के मार्ग पर चलते हुए जीवन की गहराइयों में आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने का मार्ग भी प्रस्तुत करता है। इसका परम लक्ष्य व्यक्ति को आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की दिशा में ले जाना है, जो मानव जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है।

www.vaidicgurukul.in

## 2. मनुष्य जन्म का उद्देश्य: वेदों के अनुसार

वेद सनातन धर्म का मूल धर्म ग्रंथ है। जिसके अनुसार मोक्ष ही मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य है उसे ही प्राप्त करने के लिए यहां मनुष्य शरीर ईश्वर ने हमें दिया है। वेदों में न केवल ईश्वर की आराधना और प्रकृति के नियमों की व्याख्या की गई है, बल्कि मनुष्य जीवन के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से बताया गया है। वेदों के अनुसार, मनुष्य का जीवन एक अद्वितीय और दुर्लभ अवसर है, जिसे आत्म-साक्षात्कार, सत्य की खोज और मोक्ष प्राप्ति के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। मनुष्य का जीवन भौतिक सुखों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य आत्मा की उन्नति और ब्रह्म से एकत्व प्राप्त करना है।

### मनुष्य शरीर की दुर्लभता

वेदों में मनुष्य जन्म को अन्य सभी प्राणियों से श्रेष्ठ और दुर्लभ माना गया है। यह अवसर बार-बार नहीं मिलता, और इसलिए इसे प्राप्त करने के पश्चात इसे सर्वोच्च लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए

समर्पित करना चाहिए। "ऋग्वेद" में मनुष्य जीवन को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है क्योंकि मनुष्य को विचार करने की क्षमता प्राप्त है। अन्य जीव-जंतु अपनी प्राकृतिक प्रवृत्तियों पर आधारित होते हैं, जबकि मनुष्य सही और गलत का निर्णय कर सकता है और उच्चतर चेतना की ओर अग्रसर हो सकता है।

**धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष – पुरुषार्थ चतुष्टय**

वेदों में मनुष्य जीवन के चार प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन किया गया है, जिन्हें **पुरुषार्थ चतुष्टय** कहा जाता है:

- **धर्म**: धर्म का अर्थ है कर्तव्य, नैतिकता और धार्मिकता। यह वह मार्ग है जो जीवन में सही आचरण का निर्देश देता है। वेदों के अनुसार, धर्म के बिना जीवन अराजक और दिशाहीन हो जाता है। धर्म युक्त आचरण ही जीवन का मूल है।

- **अर्थ**: जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक धन और संसाधनों का अर्जन भी आवश्यक है, परंतु इसे धर्म के मार्ग पर चलते हुए प्राप्त करना चाहिए। अर्थ का उपयोग समाज और परिवार की भलाई के लिए किया जाना चाहिए।

- **काम:** यह मानव की इच्छाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति से जुड़ा हुआ है, परंतु इसे संतुलित और नियंत्रित तरीके से ही प्राप्त करना चाहिए ताकि जीवन में असंतुलन न हो। मनुष्य की इच्छाएँ अनंत होती हैं, और इन पर केवल धर्मयुक्त आचरण द्वारा ही अंकुश लगाया जा सकता है। धर्म के मार्ग पर चलते हुए हम अपनी इच्छाओं को संतुलित कर सकते हैं, जिससे जीवन में समरसता और स्थिरता बनी रहती है।

- **मोक्ष**: मोक्ष जीवन का अंतिम और सर्वोच्च उद्देश्य है। यह जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति और आत्मा का परम सत्य से मिलन है। यह तब प्राप्त होता है जब व्यक्ति अपने सांसारिक बंधनों और मोह-माया से मुक्त हो जाता है। मोक्ष का अर्थ होता है मुक्ति अर्थात दु:खों का अत्यंत निवृत्ति हो जाना ही मोक्ष है।

इन चारों पुरुषार्थों में मोक्ष को सर्वोपरि माना गया है, क्योंकि यह आत्मा की मुक्ति और ब्रह्म के साथ एकाकार होने का मार्ग है।

वेदों में सत्य की खोज को सबसे महत्वपूर्ण कार्य बताया गया है। "सत्यमेव जयते" (सत्य की ही विजय होती है) का सिद्धांत वेदों में गहरे रूप से निहित है। सत्य का अर्थ केवल यथार्थ नहीं, बल्कि वह अंतिम वास्तविकता है जिसे जानना हर मनुष्य का परम कर्तव्य है। "ऋग्वेद" के अनुसार, सत्य की प्राप्ति आत्मज्ञान और ध्यान के माध्यम से हो सकती है। यह सत्य ब्रह्म के स्वरूप का बोध कराता है और मोक्ष की दिशा में मार्ग प्रशस्त करता है।

**आत्मा का परम उद्देश्य – आत्मसाक्षात्कार**

- **कर्म योग**: निस्वार्थ और धर्म के अनुसार कर्म करने का मार्ग।

इन तीनों मार्गों का संतुलन ही व्यक्ति को मोक्ष की दिशा में ले जाता है।

वेदों के अनुसार मनुष्य जीवन का उद्देश्य आत्म उन्नति और मोक्ष की प्राप्ति है। यह जन्म एक दुर्लभ अवसर है, जिसे आत्मज्ञान, सत्य की खोज, और ईश्वर की उपासना द्वारा ही सार्थक किया जा सकता है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के बीच संतुलन स्थापित कर, और नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए व्यक्ति इस जीवन के अंतिम लक्ष्य – मोक्ष – को प्राप्त कर सकता है। वेदों में दिए गए उपदेश और मार्गदर्शन आत्मा को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर, उसे परम सत्य से एकाकार होने की ओर ले जाते हैं। यही मनुष्य जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है।

# 3.पंच क्लेश: पांच प्रकार के मिथ्या ज्ञान

पंच क्लेश (पांच क्लेश) योग दर्शन और सांख्य दर्शन में महत्वपूर्ण अवधारणाएं हैं, जो मनुष्य के दु:ख और मानसिक क्लेश के कारणों को समझाने के लिए उपयोग की जाती हैं। "क्लेश" का अर्थ है मानसिक या आध्यात्मिक कष्ट। पतंजलि के योग सूत्रों में पंच क्लेश का उल्लेख किया गया है, जो मानव जीवन में कष्ट और अशांति का मूल कारण माने जाते हैं। ये पांच क्लेश निम्नलिखित हैं:

***"अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्च क्लेशाः" (योग शास्त्र, साधना पाद ॥.3)* अर्थ**: अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश – यह पांच प्रकार के क्लेश हैं, जिन्हें पांच प्रकार का मिथ्या ज्ञान भी कहा जाता है। पंच क्लेश ही मनुष्य के सभी प्रकार के दुखों का कारण है

### 1. अविद्या (अज्ञान)

यह सबसे प्रमुख क्लेश है, जिसे सभी अन्य क्लेशों का मूल कारण माना जाता है। अविद्या का अर्थ है, जो वस्तु जैसी है, उसे वैसा न जानना और न मानना। इसे "अविवेक" भी कहा जाता है। सांख्य दर्शन के अनुसार, महर्षि कपिल ने इसे **प्रकृति**, **जीवात्मा** और **ब्रह्म** के भेद का ज्ञान न होना बताया है। अविद्या के कारण ही आत्मा संसार के जन्म-मरण चक्र में फंसी रहता है और विभिन्न योनियों में भटकती हुई दुखों का अनुभव करता है। **"बंधो विपर्ययात्"** अर्थात अविद्या ही बंधन का मुख्य कारण है। महर्षि गौतम ने भी दु:खों का मूल कारण अविद्या को ही माना है।

अविद्या से राग और द्वेष जैसे दोष उत्पन्न होते हैं, जिससे शुभ-अशुभ कर्मों की प्रवृत्ति होती है, जो व्यक्ति को जन्म-मरण के चक्र में फंसा देती है। इसके उदाहरण हैं:

- नाशवान शरीर को स्थायी मानना
- कर्म फल सिद्धांत को न मानना

www.vaidikgurukul.in

जब तक मनुष्य इन पंच क्लेशों से मुक्त नहीं होता, तब तक वह सच्चे सुख की अनुभूति नहीं कर सकता। इन क्लेशों के रहते व्यक्ति सुख-दुख के चक्र में फंसा रहता है। पंच क्लेशों से मुक्ति का एकमात्र उपाय **क्रियायोग** है, जो तीन मुख्य साधनों पर आधारित है:

1. **तप (धर्मपूर्ण कर्म)**: हर परिस्थिति में धर्म के अनुसार कर्म करते रहना और अधर्म को त्याग देना।

2. **स्वाध्याय (शास्त्र अध्ययन)**: वेद, उपनिषद, भगवद गीता, और दर्शनशास्त्रों का अध्ययन और सत्य भाषण व उपदेश देने वाले विद्वानों की संगति करना।

3. **ईश्वरप्रणिधान (ईश्वर की भक्ति)**: ईश्वर की भक्ति, स्तुति, और उपासना में मन और आत्मा को समर्पित करना।

केवल इन उपायों से ही व्यक्ति सभी प्रकार के दुखों से मुक्त होकर मोक्ष के परम आनंद को प्राप्त कर सकता है। किसी अन्य सरल मार्ग की लालसा केवल भ्रमित करने वाला है।

# 4. धर्म क्या है

आजकल संप्रदायों और विभिन्न मतमतांतरों ने **धर्म** शब्द का व्यापक रूप से दुरुपयोग किया है, जिसके परिणामस्वरूप धर्म के नाम पर अनेक झगड़े हो रहे हैं। यह प्रश्न उठता है कि **धर्म** वास्तव में है क्या? कई लोग धर्म को 'रिलीजन' या 'मजहब' के रूप में देखते हैं, लेकिन ये शब्द धर्म के वास्तविक अर्थ से बिल्कुल भिन्न हैं।

**रिलीजन** या **मजहब** किसी विशेष मत, पंथ या संप्रदाय के अनुयायियों के लिए बनाए गए नियमों का समूह है। यह एक विचारधारा है, जो केवल उस विशेष पंथ/ संप्रदाय के अनुयायियों के कल्याण की बात करती है। इसके विपरीत, **धर्म** का अर्थ संप्रदाय या रिलीजन से नहीं है संपूर्ण सृष्टि से हैं। **वैदिक सनातन धर्म** संपूर्ण ब्रह्मांड के लिए निर्धारित सर्वोत्तम नियमों का नाम है, जो ईश्वर द्वारा प्रदत्त होता है और किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करता।

### धर्म का शाब्दिक अर्थ

धर्म शब्द **"धृ"** धातु से बना है, जिसका अर्थ है "धारण करना। **"धारयति इति धर्मः"** अर्थात, जो धारण करने योग्य है, वही धर्म है। अब यह विचार करना चाहिए कि धारण करने योग्य क्या है – श्रेष्ठ या तुच्छ? निश्चित रूप से श्रेष्ठ ही धारण करने योग्य है। इसीलिए, श्रेष्ठ आचार-विचार, श्रेष्ठ कर्तव्य और कर्म ही मनुष्य के लिए धारण करने योग्य होते हैं।

जिस आचरण से मनुष्य को आत्मिक, मानसिक और शारीरिक उन्नति प्राप्त होती है, और जिन गुणों को धारण करने से व्यवहारिक सुख एवं मोक्ष की सिद्धि होती है, वही आचरण या कर्तव्य

www.vaidikgurukul.in

**धर्म** कहलाता है। वेदों में मनुष्य के लिए जो कर्तव्यों का विधान किया गया है, वही सच्चा धर्म है और उसके विपरीत अधर्म है।

**धर्म का व्यापक स्वरूप**

धर्म केवल मनुष्य का नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के कण-कण का है। सृष्टि के प्रत्येक वस्तु का अपना एक धर्म होता है, ईश्वर ने सृष्टि के प्रत्येक पदार्थ को जिस-जिस उद्देश्य से बनाया है अगर वहां उन गुणों को धारण करता है वही उसका धर्म बन जाता है जो ईश्वर द्वारा उसे प्रदान किया गया है। उदाहरण के लिए:

- **अग्नि** का धर्म उसकी उष्णता है।
- **जल** का धर्म उसकी शीतलता है।
- **सूर्य** का धर्म है प्रकाश देना।
- **वायु** का धर्म उसकी चंचलता, शुष्कता है।

अब सूर्य ने प्रकाश को धारण किया है तो **सूर्य** का धर्म प्रकाश देना है, अब अगर वह प्रकाश देना बंद कर दे, तो वह अधर्मी कहलाएगा। उसी प्रकार, मनुष्य को **सदाचार**, **सत्य भाषण** ,**परोपकार, अहिंसा** आदि गुणों को धारण करने के लिए बनाया गया है। अगर वह इन गुणों को छोड़कर विपरीत गुणों को धारण करता है, तो वह अधर्मी माना जाएगा। अतः श्रेष्ठ गुणों को धारण करना ही मनुष्य मात्र का एकमात्र धर्म है। जिसे मानव धर्म कहा जाता है।

इस प्रकार, ईश्वर ने सृष्टि के प्रत्येक जीव के लिए एक विशिष्ट कर्म निर्धारित किया है। जब कोई जीव अपने निर्धारित कर्म का पालन करता है, तो वह धर्माचरण कहलाता है, और अगर वह इसके विपरीत करता है, तो उसे अधर्माचरण कहा जाता है। इसी के अनुसार जीवों को उनके कर्मों का फल भी मिलता है। "**धर्मो रक्षति रक्षितः**" अर्थात, धर्म की रक्षा करो, तो वह तुम्हारी रक्षा करेगा। धर्म ही इस चराचर जगत और सभी जीवों के जीवन का मूल है। धर्म के बिना इस सृष्टि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए, धर्मानुसार आचरण करें, सत्य का ग्रहण करें, और असत्य का त्याग करें।

धर्म सनातन है, समय के साथ इसमें कोई परिवर्तन नहीं होता। इसे न हीं उत्पन्न किया जा सकता है न ही नष्ट किया जा सकता है यह तो ईश्वर प्रदत होता है। जो सृष्टि के कल्याण के लिए ईश्वर के उपदेशात्मक रूप में वेदों के माध्यम से उत्पन्न होता है इसलिए इसे **वैदिक सनातन धर्म** कहा जाता है, जो सृष्टि के आरंभ से ही अस्तित्व में है और सदा ही रहेगा।

**धर्म का उद्देश्य**

www.vaidikgurukul.in

धर्म का उद्देश्य न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सामाजिक और वैश्विक कल्याण है। वेदों में यह स्पष्ट किया गया है कि धर्म केवल किसी एक जाति, संप्रदाय या देश के लिए नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण सृष्टि और समस्त मानवता के लिए समान रूप से उपयोगी है।

वेदों में निहित शिक्षाएं सर्वोत्तम और धारण करने योग्य हैं, जो व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर ले जाती हैं। महर्षि मनु कहते हैं कि **'वेदो अखिलो धर्ममूलम्' (2.6)** अर्थात, वेद ही इस सृष्टि में धर्म का मूल आधार हैं। **अतः जो वेद विरुद्ध है, वह अधर्म है।**

**धर्म के 10 लक्षण**

*धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।*
*धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (विशुद्ध मनुस्मृति 6.92)*

मनुस्मृति में धर्म के 10 प्रमुख लक्षण बताए गए हैं, जो वेदों के अनुसार धर्म का स्वरूप स्पष्ट करते हैं:

1. **धृति** – विपत्ति या कष्ट में भी धैर्य बनाए रखना और धर्म का पालन करते हुए विचलित न होना।
2. **क्षमा** – अपमान, हानि या निंदा सहन कर भी सहनशील बने रहना।
3. **दम** – ईर्ष्या, लोभ, मोह और द्वेष जैसे विचारों से मन को मुक्त रखना।
4. **अस्तेय** – किसी भी प्रकार की चोरी, छल या अन्याय से दूर रहना।
5. **शौच** – तन और मन की पवित्रता बनाए रखना।
6. **इंद्रियनिग्रह** – इंद्रियों को नियंत्रित रखना और उन्हें धर्म के काम में लगाना।
7. **धी** – बुद्धि का विकास करना और विचारपूर्वक कर्म करना।
8. **विद्या** – सत्य विद्या का अध्ययन और ज्ञान का विकास करना।
9. **सत्यम** – मन, वचन और कर्म से सत्य का पालन करना।
10. **अक्रोध** – क्रोध और प्रतिशोध की भावना से मुक्त रहना।

धर्म, सृष्टि के निर्धारित नियमों का समूह है। धर्म का पालन करना, न केवल आत्मिक, मानसिक और शारीरिक उन्नति के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मोक्ष की प्राप्ति का भी मार्ग है। धर्म का मूल उद्देश्य सत्य और सदाचार का पालन करना है, जो मनुष्य को जीवन में संतुलन और शांति की ओर ले जाता है।

www.vaidikgurukul.in

धर्म सनातन और अपरिवर्तनीय है, और इसका पालन करने से ही मनुष्य सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है। धर्म के 10 लक्षणों का जो मनुष्य अध्ययन और मनन करते हैं, और उनका पालन करते हैं, वे सभी उत्तम गति को प्राप्त होते हैं। आज के समय में समाज में जो तथाकथित धर्म प्रचलित है, वह अक्सर केवल एक पंथ या विचारधारा तक सीमित रह जाता है। जबकि वास्तविक धर्म केवल मनुष्य तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह संपूर्ण सृष्टि के लिए होता है। धर्म ईश्वर द्वारा प्रदत्त होता है और उसमें कोई परिवर्तन संभव नहीं है। धर्म कभी भी भेदभाव या पक्षपात नहीं करता, वह तो जोड़ना सिखाता है।

**अधर्म क्या है?**

अधर्म उन कृत्यों और कर्मों को कहा जाता है, जिनके करने से मन में भय, शंका, राग, द्वेष और ग्लानि का अनुभव होता है। अधर्म के कर्म वे होते हैं जो मनुष्य के आंतरिक शांति और संतुलन को भंग कर देते हैं। मन द्वारा प्रेरित क्रियाकलाप ही कर्म कहलाते हैं, और जब ये क्रियाकलाप दूसरों को कष्ट पहुंचाने वाले होते हैं, तो वह **अधर्म** बन जाता है।

**अधर्म** के कुछ लक्षण और उदाहरण इस प्रकार हैं:

- **मन, वचन, और शरीर** से किसी भी जीव को कष्ट देना या हिंसा करना।
- दूसरों के प्रति घृणा, द्वेष या राग उत्पन्न करना।
- अपने स्वार्थ के लिए अन्य लोगों को हानि पहुंचाना या उनके अधिकारों का उल्लंघन करना।

**मनुष्य की स्वतंत्रता और कर्म का फल**

मनुष्य को अच्छा या बुरा कर्म करने की पूरी स्वतंत्रता प्राप्त है, लेकिन उसके कर्मों के परिणामों को भोगने में वह परतंत्र है। ईश्वर ने मनुष्य को बुद्धि दी है ताकि वह हर कर्म को सोच-समझकर, हानि-लाभ का विचार कर, उचित ढंग से करे। हर कर्म का फल निश्चित रूप से प्राप्त होता है, चाहे वह इस जन्म में मिले या अगले जन्म में, कर्म का फल भोगे बिना नहीं कटते है।

**अधर्म के परिणाम**

कर्म कभी निष्फल नहीं होते। जो कर्म अधर्म के अनुसार किए जाते हैं, उनके परिणामस्वरूप व्यक्ति को दुख, अशांति और पाप स्वरूप फल भोगना पड़ते है। अधर्म के कृत्य वे हैं जो मनुष्य के मन, समाज और संपूर्ण सृष्टि को नुकसान पहुंचाते हैं। इन्हें करने से व्यक्ति न केवल अपने जीवन में कष्ट पाता है, बल्कि भविष्य में भी उसके कर्मों के परिणामस्वरूप दु:ख प्राप्त होता है। इसलिए, वेदों में कहा गया है **"मनुर्भव:"** अर्थात, मनुष्य बने और धर्म के अनुसार कर्म करें। धर्म के मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने कर्मों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। अगर कोई व्यक्ति धर्म का पालन करते हुए भी मृत्यु को प्राप्त होता है, तो उसकी आत्मा को

www.vaidikgurukul.in

परम गति प्राप्त होती है। अतः मनुष्य को धर्म के मार्ग पर चलकर सही कर्म करने चाहिए, ताकि उसे आत्मिक और मानसिक शांति के साथ-साथ मोक्ष की प्राप्ति हो सके।

### धर्म की रक्षा कैसे संभव है

धर्म की रक्षा करने से पहले, सबसे महत्वपूर्ण है कि हम धर्म को सही ढंग से समझें। **धर्म** क्या है और इसका वास्तविक स्वरूप क्या है? इसे समझने के लिए हमें **वैदिक सनातन धर्म के मूल धर्म ग्रंथों** का अध्ययन करना होगा। आज के समय में, हम भौतिक उन्नति, भोग-विलास, मोबाइल, टीवी, इंटरनेट में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि शास्त्रों **(वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवत गीता)** को पढ़ने का समय ही नहीं निकाल पाते। इस वजह से हम अपनी मूल संस्कृति और धर्म से दूर होते जा रहे हैं। आज की शिक्षा प्रणाली भी पूर्ण रूप से पश्चिमीकरण और अंग्रेजीकरण की ओर बढ़ चुकी है, जिसके कारण हम अपनी संस्कृति की जड़ों से कटते जा रहे हैं। अगर यही चलता रहा, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी वैदिक सनातन संस्कृति से पूरी तरह दूर हो जाएंगी और शायद क्रिश्चियन या अन्य पश्चिमी संस्कृतियों का पालन करने लगेंगी। यह गंभीर स्थिति होगी, और इसका उत्तरदायी केवल हम ही होंगे, क्योंकि हमने अपनी भविष्य की पीढ़ियों को सनातन धर्म और संस्कृति के बारे में अवगत नहीं करवाया । धर्म और संस्कृति की रक्षा का बीज घर से ही बोया जा सकता है, और इसमें माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को यह बताना होगा कि उनकी संस्कृति और धर्म कितना महान है। यदि हम स्वयं धर्म और संस्कृति का अध्ययन नहीं करेंगे, तो अपने बच्चों को क्या सिखाएंगे? और यदि वे अपने बच्चों को यह नहीं सिखाएंगे, तो पूरी संस्कृति भ्रष्ट हो जाएगी और समाज में केवल भौतिकवादी दृष्टिकोण ही रह जाएगा।

इसलिए, यह आवश्यक है कि हम आज ही से अपने घरों में **वैदिक शास्त्रों की शिक्षा-दीक्षा** को बढ़ावा दें। हमें अपनी संस्कृति और धर्म के महान मूल्यों को समझना और आत्मसात करना होगा। वैदिक शास्त्रों के अध्ययन और पालन के माध्यम से हम धर्म की सच्ची रक्षा कर सकते हैं। यह कार्य केवल हमारे व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं होगा, बल्कि इसके लिए हमें समाज में सामूहिक रूप से जागरूकता फैलानी होगी। इस महान कार्य में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। माता-पिता, शिक्षक, विद्वान, और समाज के हर व्यक्ति को इस दिशा में योगदान देना होगा। अपनी संस्कृति की रक्षा और उसे जीवित रखने के लिए हमें अपने बच्चों को वैदिक शास्त्रों का महत्व समझाना होगा और उन्हें धर्म के मूल सिद्धांतों से अवगत कराना होगा।

हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि सत्य ही धर्म का आधार है। जिस प्रकार मनुष्य धार्मिकता में प्रगति करता है, वह उतना ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी अपनाने लगता है, क्योंकि धर्म का गहरा संबंध विज्ञान से है। अतः धर्म की सच्ची रक्षा तभी हो सकती है जब हम इसे सही ढंग से समझें, उसका पालन करें, और आने वाली पीढ़ियों को इसके महत्व से परिचित कराएं। धर्म की शिक्षा के बिना समाज अपनी दिशा खो देता है, इसलिए हमें आज ही से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## धर्म और मजहब/रिलीजन में अंतर

**धर्म** और **मजहब** (या **रिलीजन**) दोनों शब्दों का उपयोग प्रायः एक-दूसरे के स्थान पर किया जाता है, परंतु इनका अर्थ और प्रकृति एक-दूसरे से भिन्न हैं। आइए, इन दोनों के बीच अंतर को विस्तार से समझते हैं:

### 1. धर्म का अर्थ और स्वरूप

- **धर्म** सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण शब्द है, जिसकी उत्पत्ति **वेदों** से हुई है। धर्म का शाब्दिक अर्थ है **"धारण करना,"** यानी वह नियम या कर्तव्य जिसे जीवन में धारण किया जाए। धर्म केवल मनुष्य के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के कण-कण के लिए होता है।

- धर्म का आधार **ईश्वरीय नियम** होते हैं, जो सृष्टि के संचालन के लिए आवश्यक होते हैं। यह न कभी बदलता है, न इसमें समय के साथ कोई परिवर्तन होता है। धर्म **अनादि और सनातन** है – इसका न कोई आरंभ है, न कोई अंत।

- धर्म न तो भेदभाव करता है और न ही पक्षपात। यह संपूर्ण सृष्टि को समान रूप से संचालित करता है। धर्म के अनुसार, मनुष्य को सद्गुण, सदाचरण, कर्तव्यों और सत्य को धारण करना चाहिए, ताकि वह आत्मिक, मानसिक और शारीरिक उन्नति कर सके।

- धर्म का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक, पारिवारिक और वैश्विक कल्याण है। धर्म मनुष्य को उसकी सही भूमिका, कर्तव्यों और आचरण की दिशा में मार्गदर्शन देता है।

### 2. मजहब/रिलीजन का अर्थ और स्वरूप

- **मजहब** या **रिलीजन** एक विचारधारा है, जो किसी विशेष मत, पंथ या संप्रदाय से जुड़ी होती है। इसका निर्माण मनुष्यों द्वारा किया गया होता है, जो उस विशेष समूह के अनुयायियों के लिए नियम और आचार संहिता निर्धारित करता है।

- मजहब या रिलीजन समय के साथ बदल सकते हैं और इनका विभिन्न रूपों में विस्तार हो सकता है। अलग-अलग मजहबों के मत और विचारधाराएँ एक-दूसरे से भिन्न हो सकती हैं, और कई बार परस्पर विरोधाभासी भी हो सकती हैं।

- मजहब के साथ **सदाचार** का अनिवार्य संबंध नहीं होता। कोई व्यक्ति सदाचारी हो सकता है, लेकिन तब तक उसे मजहब या रिलीजन का अनुयायी नहीं माना जाएगा, जब तक वह उस मजहब के मंतव्यों एवं विचारों को स्वीकार नहीं करता।
    - **उदाहरण** के लिए, कोई व्यक्ति अल्लाह या गॉड का सच्चा उपासक हो और उच्च नैतिक गुणों से युक्त हो, लेकिन यदि वह हज़रत ईसा और

www.vaidikgurukul.in

बाइबिल पर विश्वास नहीं करता, तो वह ईसाई नहीं कहलाएगा। इसी प्रकार, बिना हज़रत मोहम्मद और कुरान शरीफ पर विश्वास किए कोई मुसलमान नहीं बन सकता।

### 3. धर्म और मजहब/रिलीजन/मत/पंथ/संप्रदाय में मुख्य अंतर

- **धर्म** मनुष्य को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाता है। धर्म के अनुसार, मनुष्य और ईश्वर के बीच किसी मध्यस्थ की आवश्यकता नहीं होती। मनुष्य योग और उपासना के माध्यम से ईश्वर से सीधा संबंध स्थापित कर सकता है।

- इसके विपरीत, **मजहब/रिलीजन/मत/पंथ/संप्रदाय** मनुष्य को परतंत्र बनाता है, क्योंकि मजहब में ईश्वर और मनुष्य के मध्य पीर पैगंबर की आवश्यकता होती है।

- धर्म **सत्य, सदाचार और ईश्वर की उपासना** पर आधारित होता है, जबकि **मजहब/रिलीजन/मत/पंथ/संप्रदाय** अधिकतर ईश्वर के स्थान पर किसी विशेष व्यक्ति/तथाकथित गुरु/पैगंबर की इबादत/Prayer/पूजा पर बल देता है।

- **धर्म** का उद्देश्य श्रेष्ठ और कल्याणकारी कार्यों को करने में **पुरुषार्थ** करना है। धर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति सदाचारी होता है और मोक्ष की प्राप्ति करता है। धर्म का पालन करना आत्मा की उन्नति और मोक्ष की सिद्धि के लिए आवश्यक है। **मजहब** का उद्देश्य संबंधित पंथ या संप्रदाय के अनुयायियों को एक विशेष धार्मिक विचारधारा के अनुरूप जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। यह अनुयायियों के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने पर बल देता है, जो उस विशेष पंथ के भीतर कल्याण की बात करता है।

धर्म और मजहब/रिलीजन में मूल अंतर यह है कि धर्म **ईश्वरीय नियम** है, जो संपूर्ण सृष्टि के संचालन के लिए है, जबकि मजहब या रिलीजन **मनुष्य-निर्मित** है, जो विशेष समूह या पंथ के कल्याण के लिए होता है। धर्म के साथ सदाचार और सत्य का घनिष्ठ संबंध है, जबकि मजहब/रिलीजन में यह आवश्यक नहीं है। धर्म मनुष्य को ईश्वर के साथ सीधा संबंध स्थापित करने का मार्ग दिखाता है, जबकि मजहब में ईश्वर और साधक के बीच किसी मध्यस्थ की आवश्यकता होती है।

धर्म का पालन करने वाला व्यक्ति **सत्य, सदाचार, अहिंसा** और **परोपकार** का अनुसरण करता है, और यही उसे मोक्ष की ओर ले जाता है। अतः, धर्म और मजहब के अंतर को समझकर मनुष्य को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए, ताकि वह सत्य की प्राप्ति और मोक्ष को सिद्ध कर सके।

## 5. स्वधर्म और आपद्धर्म

# वैदिक गीता

(गीता का शुद्ध वैदिक स्वरूप, आधुनिक दृष्टिकोण के साथ)



आचार्य दीपक

# विषय सूची

**अध्याय 1:** अर्जुन विषाद योग – मोह और धर्मसंकट

**अध्याय 2:** सांख्य योग – आत्मा का ज्ञान और कर्म की अनिवार्यता

**अध्याय 3:** कर्मयोग – निष्काम कर्म और समत्व

**अध्याय 4:** ज्ञान-कर्म-संन्यास योग – ज्ञान और कर्म का संतुलन

**अध्याय 5:** संन्यास योग – संन्यास और कर्मयोग का तुलनात्मक अध्ययन

**अध्याय 6:** ध्यानयोग – मन को वश में करने की कला

**अध्याय 7:** ज्ञान-विज्ञान योग – आध्यात्मिक एवं सांसारिक ज्ञान

**अध्याय 8:** अक्षर-ब्रह्म योग – मृत्यु और मोक्ष का ज्ञान

**अध्याय 9:** राजविद्या राजगुह्य योग – गुप्ततम ज्ञान और भक्ति

**अध्याय 10:** विभूति योग – श्रीकृष्ण की दिव्य विभूतियाँ

**अध्याय 11:** विश्वरूप दर्शन योग – ईश्वर के विराट स्वरूप का दर्शन

**अध्याय 12:** भक्तियोग – प्रेम और भक्ति का महत्व

**अध्याय 13:** क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ विवेक योग – शरीर और आत्मा का भेद

**अध्याय 14:** गुणत्रय विभाग योग – सत्व, रजस, तमस के प्रभाव

**अध्याय 15:** पुरुषोत्तम योग – परम पुरुष का ज्ञान

**अध्याय 16:** दैवासुर संपद विभाग योग – दिव्य और आसुरी गुण

**अध्याय 17:** श्रद्धा त्रिविधा योग – श्रद्धा के तीन प्रकार

**अध्याय 18:** मोक्ष संन्यास योग – अंतिम उपदेश और निष्कर्ष

www.vaidikgurukul.in

# भूमिका

## भगवद गीता का अमर संदेश

भगवद गीता विश्व के सबसे प्राचीन और गहन ग्रंथों में से एक है। यह केवल धार्मिक पुस्तक नहीं है, बल्कि यह जीवन का मार्गदर्शन करने वाली एक महान आध्यात्मिक संहिता है। गीता के श्लोक न केवल अर्जुन को दिए गए उपदेश हैं, बल्कि वे मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के लिए कालातीत मार्गदर्शन हैं। गीता का ज्ञान सार्वभौमिक है और मानवता की किसी भी परिस्थिति में उसका मार्गदर्शन कर सकता है।

गीता का संदेश समय-काल से परे है। इसकी शिक्षाएँ न केवल अर्जुन के युद्धक्षेत्र में उपयोगी थीं, बल्कि यह आज के जीवन की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। यह ग्रंथ कर्मयोग, ज्ञान, भक्ति और ध्यान जैसे जीवन के प्रमुख स्तंभों पर प्रकाश डालता है। इसके प्रत्येक श्लोक में जीवन को गहराई से समझने और उसके विभिन्न अंगों को संतुलित करने का मार्गदर्शन छिपा है।

## आधुनिक जीवन और गीता का महत्व

आज के समय में जीवन अत्यंत जटिल हो गया है। हम सभी कहीं न कहीं किसी प्रकार के मानसिक तनाव, आत्म-संदेह, असफलताओं का भय और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरे हुए हैं। चाहे वह कार्यस्थल की चिंता हो, पारिवारिक जिम्मेदारियाँ हों, या जीवन में सफलता पाने की दौड़ हो—हर परिस्थिति में हमें मानसिक और भावनात्मक संतुलन की आवश्यकता है। ऐसी परिस्थिति में गीता हमें एक गहरे आंतरिक संतुलन का मार्ग दिखाती है, जहाँ से हम अपनी आंतरिक शांति प्राप्त कर सकते हैं।

गीता का सबसे बड़ा उपदेश यह है कि जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुखों का अर्जन नहीं, बल्कि आत्म-ज्ञान, सेवा, प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलना है। इसके सिद्धांत हमें इस भौतिकवादी युग में जीवन की सच्ची परिभाषा से जोड़ते हैं। यह ग्रंथ हमें केवल बाहरी जीवन की समस्याओं का हल नहीं बताता, बल्कि आत्म-ज्ञान, आंतरिक स्थिरता, और परम सत्य का साक्षात्कार कराता है।

## पुस्तक का उद्देश्य और दृष्टिकोण

ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम जितने भी पुस्तक के गीता पर आज हमारे पास उपलब्ध है वे सभी पौराणिक मान्यताओं के आधार पर अर्थ किए गए हैं । यह पुस्तक "**वैदिक गीता**" का उद्देश्य गीता के मूल सिद्धांतों को वैदिक दृष्टिकोण के

साथ आज के युग के परिप्रेक्ष्य में समझाना है। गीता के ज्ञान को आधुनिक जीवन की चुनौतियों के अनुरूप सरल, व्यावहारिक और उपयोगी बनाना इस पुस्तक का प्राथमिक लक्ष्य है। इस पुस्तक में कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्ति और ध्यान जैसे विषयों को आधुनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं के साथ जोड़कर समझाने का प्रयास किया गया है।

यह पुस्तक उस पाठक के लिए है जो आत्म-ज्ञान की खोज में है और जो अपने जीवन में स्थिरता और संतुलन प्राप्त करना चाहता है। इसमें गीता के श्लोकों को व्यावहारिक जीवन की स्थितियों के अनुसार व्याख्यायित किया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति उसे आसानी से समझ सके और अपने जीवन में अपना सके।

## पुस्तक की रूपरेखा

इस पुस्तक में भगवद गीता के उन सिद्धांतों का विवेचन किया गया है, जो हमें सही कर्म, ध्यान, सेवा, और प्रेम का मार्ग दिखाते हैं। हर अध्याय गीता के किसी एक प्रमुख सिद्धांत को आधुनिक जीवन में लागू करने के तरीके को समझाएगा। उदाहरण के लिए, कर्मयोग के सिद्धांतों को हम अपनी नौकरी, रिश्तों और पारिवारिक जीवन में कैसे अपना सकते हैं; भक्ति का मार्ग हमारे मानसिक स्वास्थ्य और आत्म-स्वीकृति के लिए कैसे सहायक हो सकता है; ज्ञानयोग के सिद्धांत हमें कैसे आत्म-साक्षात्कार की दिशा में ले जा सकते हैं—इन सभी बातों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है।

## आपके लिए यह पुस्तक क्यों उपयोगी है?

हममें से हर कोई अपने जीवन में शांति, संतोष और एक संतुलित दृष्टिकोण चाहता है। गीता के ये सिद्धांत हमें रोज़मर्रा की समस्याओं से निपटने में, अपने भीतर की शक्ति को पहचानने में और एक शांतिपूर्ण जीवन जीने में सहायता कर सकते हैं। यह पुस्तक आपको गीता की शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करने की प्रेरणा देगी और आपके आत्मिक विकास में सहायक होगी।

गीता का ज्ञान सार्वभौमिक है और इसका उद्देश्य हमें अपने सच्चे स्वरूप की ओर ले जाना है। इस पुस्तक का हर अध्याय आपको इस यात्रा में एक नया दृष्टिकोण और एक नई दिशा देगा।

**जैसा कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कहा—"हे अर्जुन! अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने जीवन में आत्म-ज्ञान, संतुलन, और समर्पण का भाव लेकर आगे बढ़ो।"**

www.vaidikgurukul.in

# पाठकों से विशेष अनुरोध

भगवद गीता कोई स्वतंत्र ग्रंथ नहीं, बल्कि महाभारत का एक अभिन्न अंग है। समय के साथ शास्त्रों में कई प्रकार की मिलावट हुई, और महाभारत भी इससे अछूता नहीं रहा। महाभारत का प्राचीन नाम **'जय संहिता'** था, जिसमें आरंभ में केवल 8,000 श्लोक थे, जो समय के साथ बढ़ते हुए 1 लाख तक पहुँच गए। इस विस्तार के कारण महाभारत में कई प्रसंगों का स्वरूप परिवर्तित हुआ, जिससे भगवद गीता में भी कुछ प्रसंग-विरोधी एवं वेद-विरुद्ध श्लोकों की मिश्रण दिखाई देता है। इससे गीता का मूल संदेश कहीं न कहीं धुंधला हो गया।

भगवद गीता का आधार उपनिषद हैं, और उपनिषदों की जड़ें वेदों में समाई हुई हैं। स्वयं श्रीकृष्ण ने गीता में अनेकों बार वेदों का उल्लेख किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यदि हमें गीता के वास्तविक संदेश को आत्मसात करना है, तो इसे वेदों के प्रकाश में समझना होगा। वेदों के सिद्धांतों की गहरी समझ के बिना गीता का सार पकड़ पाना कठिन हो सकता है।

इसी आवश्यकता को देखते हुए, मैंने "वैदिक सनातन धर्म (शंका समाधान)" नामक पुस्तक लिखी है, जो वेदों के मौलिक सिद्धांतों को सरल भाषा में प्रस्तुत करती है। यदि कोई बिना वेदज्ञान के सीधा भगवद गीता का अध्ययन करता है, तो कई जटिल प्रश्न उत्पन्न हो सकते हैं, जिससे मन में संशय और भ्रम की स्थिति बन सकती है। इसलिए, मेरा विनम्र आग्रह है कि पहले वेदों की शिक्षाओं को समझें, क्योंकि वेद-ज्ञान के अभाव में गीता को पूर्ण रूप से समझना अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

आशा है कि मेरी यह पुस्तक आपके लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी।

-आचार्य दीपक

www.vaidikgurukul.in

# अध्याय 1: अर्जुन विषाद योग

## श्लोक – 1.1

धृतराष्ट्र उवाच ।
*धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः ।*
*मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत सञ्जय ॥*

**अर्थ**: धृतराष्ट्र बोले — हे संजय! धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में एकत्र हुए मेरे और पाण्डु के पुत्रों ने क्या किया?

**व्याख्या**:

- यह महाभारत के युद्ध का पहला श्लोक है, जिसमें दृष्टिहीन राजा धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि युद्धभूमि में एकत्र हुए दोनों पक्षों ने क्या किया। उनका यह प्रश्न केवल युद्ध के विवरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके भीतर के मनोवैज्ञानिक संघर्ष को भी प्रकट करता है।

- **धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे :** कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा गया है, क्योंकि यहाँ धर्म और अधर्म के मध्य एक निर्णायक संघर्ष होने वाला है। यह स्थान जीवन के उस क्षेत्र का प्रतीक है, जहाँ हमें अपने भीतर अच्छे और बुरे के बीच निर्णय करना होता है।

- **मामकाः पाण्डवाश्चैव:** इस वाक्य में धृतराष्ट्र द्वारा अपने पुत्रों (कौरवों) और पांडवों में भेदभाव का भाव दिखता है। वे पांडवों को 'अपने' नहीं मानते, और यह भेदभाव उनकी अज्ञानता और मोह को दर्शाता है।

धृतराष्ट्र का प्रश्न यह भी इंगित करता है कि वे अपने पुत्रों के कुकर्मों के प्रति अंधे बने हुए हैं। वे धर्म के स्थान पर अधर्म का साथ देने के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं, जो उनके अंधकारमय दृष्टिकोण को दर्शाता है।

**आधुनिक संदर्भ**:

- यह श्लोक हमें यह सिखाता है कि हमारे जीवन में भी एक ऐसा धर्मक्षेत्र होता है, जहाँ हमें अपने मन के अच्छे और बुरे विचारों के बीच चुनाव करना होता है। जैसे कुरुक्षेत्र में धर्म और अधर्म का संघर्ष होने वाला था, वैसे ही हमारे जीवन में भी कई बार सही और गलत के बीच संघर्ष होता है।

www.vaidikgurukul.in

- धृतराष्ट्र का दृष्टिकोण यह भी सिखाता है कि अपने परिवार या प्रियजनों को उनके दोषों के बावजूद सही मानना, एक प्रकार की अंधता है। इससे जीवन में कई प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न होती हैं, जैसे कि अन्याय का समर्थन, निर्णय में भेदभाव और मानसिक अशांति। इसलिए हमें जीवन में कभी भी अन्याय का समर्थन नहीं करना चाहिए चाहे वह कोई भी हो पिता, पुत्र, माता, पत्नी आदि।

- हर व्यक्ति का जीवन एक धर्मक्षेत्र है, जहाँ उसे सही और गलत के बीच में चुनाव करना होता है। इस चुनाव में अंधत्व, मोह और भेदभाव से बचना ही सच्ची बुद्धिमत्ता है। हमें हर परिस्थिति में न्याय का साथ और अन्याय का त्याग करना चाहिए।

---

**<u>श्लोक – 1.2</u>**

सञ्जय उवाच
*दृष्ट्वा तु पाण्डवानीकं व्यूढं दुर्योधनस्तदा।*
*आचार्यमुपसंगम्य राजा वचनमब्रवीत्॥*

**अर्थ**: संजय ने कहा — तब दुर्योधन ने पांडवों की सेना को युद्ध के लिए व्यवस्थित देख, अपने गुरु द्रोणाचार्य के पास जाकर उनसे यह बात कही।

**व्याख्या**:

- इस श्लोक में दुर्योधन अपने गुरु द्रोणाचार्य के पास आते हैं, जब वह पांडवों की सेना को युद्ध की तैयारी में व्यवस्थित देखता है। यह श्लोक बताता है कि दुर्योधन, जो कौरवों का नेता है, अपनी सेना की तुलना में पांडवों की सेना की रणनीति को देखकर चिंतित है।

- यहाँ से महाभारत का युद्ध आरंभ होने की स्थिति में पहुँचता है, जहाँ दुर्योधन की मनःस्थिति को दर्शाया गया है। वह अपने गुरु के पास जाकर अपनी चिंताओं को प्रकट करना चाहता है, जो दर्शाता है कि उसके मन में एक भय और असुरक्षा का भाव है।

www.vaidikgurukul.in

**आधुनिक संदर्भ**:

- इस श्लोक से हमें यह सिखने को मिलता है कि जब हम किसी चुनौती या समस्या का सामना करते हैं, तो हमें भी किसी योग्य व्यक्ति से मार्गदर्शन लेना चाहिए।
- दुर्योधन का अपने गुरु के पास जाकर मार्गदर्शन लेना यह दर्शाता है कि हमारे जीवन में भी गुरु या मार्गदर्शक का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि हम अपनी चिंताओं का समाधान पा सकें। सही मार्गदर्शन हमें मानसिक स्थिरता देता है। किसी योग्य मार्गदर्शक का सहारा लेना न केवल हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि हमारी दृष्टि को भी स्पष्ट करता है।

---

**श्लोक – 1.3**

*पश्यैतां पाण्डुपुत्राणामाचार्य महतीं चमूम् ।*
*व्यूढां द्रुपदपुत्रेण तव शिष्येण धीमता ॥*

**अर्थ**: दुर्योधन ने कहा: आचार्य (द्रोणाचार्य), पांडु पुत्रों की इस विशाल सेना को देखिए, जो आपके बुद्धिमान शिष्य द्रुपद के पुत्र (धृष्टद्युम्न) द्वारा व्यवस्थित की गई है।

**व्याख्या**:

- इस श्लोक में दुर्योधन अपने गुरु द्रोणाचार्य का ध्यान पांडवों की सेना की ओर आकर्षित करता है, जो धृष्टद्युम्न द्वारा व्यवस्थित की गई है। यहाँ दुर्योधन का दृष्टिकोण द्वंद्व से भरा हुआ है; एक ओर वह पांडवों की शक्ति का बोध कर रहा है, और दूसरी ओर वह अपने गुरु की असहजता को भी भड़का रहा है, क्योंकि धृष्टद्युम्न उनके ही शिष्य हैं।
- दुर्योधन की यह बात उसके मन में छिपे हुए भय, जलन और असुरक्षा को दर्शाती है। वह द्रोणाचार्य को स्मरण कराता है कि यह सेना उनके ही शिष्य द्वारा तैयार की गई है, जो उनके ही शत्रु (द्रुपद) का पुत्र है।

**आधुनिक संदर्भ**:

- इस श्लोक का यह संदेश है कि हमारे जीवन में भी कई बार हम अपने अहंकार या भय के कारण दूसरों को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं।

www.vaidikgurukul.in

दुर्योधन जैसे लोग अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को दोषी ठहराने का प्रयत्न करते हैं, जबकि वास्तव में उन्हें अपनी असुरक्षाओं का सामना करना चाहिए।

- यह श्लोक हमें यह सिखाता है कि प्रतिस्पर्धा के क्षणों में, हमें अपनी असुरक्षा को दूर रखते हुए आत्म-विश्वास से आगे बढ़ना चाहिए। आत्म-जागरूकता और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सच्ची शक्ति का आधार है। दूसरों की सफलता से प्रभावित होकर स्वयं को कमतर समझने के स्थान पर हमें अपनी असुरक्षाओं का सामना करना चाहिए।

---

## <u>श्लोक – 1.4</u>

*अत्र शूरा महेष्वासा भीमार्जुनसमा युधि।*
*युयुधानो विराटश्च द्रुपदश्च महारथः॥*

**अर्थ**: यहाँ (पांडवों की सेना में) कई महान योद्धा हैं, जो युद्ध में भीम और अर्जुन के समान पराक्रमी हैं; जैसे कि युयुधान (सात्यकि), विराट और महारथी द्रुपद।

**व्याख्या**:

- इस श्लोक में दुर्योधन पांडवों की सेना के उन योद्धाओं का उल्लेख करता है, जो भीम और अर्जुन जैसे महान योद्धाओं के समान पराक्रमी हैं। यहाँ सात्यकि, विराट और द्रुपद जैसे महारथियों का नाम लेकर वह अपनी सेना के सामने उनके साहस और शक्ति को पहचानता है।
- दुर्योधन के ये शब्द उसकी मानसिक स्थिति को और अधिक स्पष्ट करते हैं—वह पांडवों की सेना को अपनी सेना से अधिक शक्तिशाली मानता है। यह उसकी आंतरिक कमजोरी और संदेह को प्रकट करता है।

**आधुनिक संदर्भ**:

- यह श्लोक हमें यह सिखाता है कि जब हम किसी कठिन परिस्थिति का सामना कर रहे हों, तो आत्म-विश्वास और साहस बनाए रखना आवश्यक है। अपनी सीमाओं को पहचानते हुए हमें अपने प्रतिद्वंद्वी की क्षमता का भी सम्मान करना चाहिए।

www.vaidikgurukul.in

- इस श्लोक से हम यह भी सीख सकते हैं कि दूसरों की शक्ति का आकलन करना हमें सचेत और सतर्क बनाता है। हमें यह समझने में सहायता मिलती है कि किसी भी परिस्थिति में अति-आत्मविश्वास (over confidence) नहीं, बल्कि संतुलन का भाव रखना चाहिए। आत्म-आलोचना और सतर्कता, सफलता प्राप्त करने में सहायक होती हैं।

---

**श्लोक – 1.5**

*धृष्टकेतुश्चेकितानः काशिराजश्च वीर्यवान् ।*
*पुरुजित्कुन्तिभोजश्च शैब्यश्च नरपुङ्गवः ॥*

**अनुवाद**: पांडवों की सेना में धृष्टकेतु, चेकितान, वीर्यवान काशिराज, पुरुजित, कुन्तिभोज और महाबली शैब्य जैसे श्रेष्ठ राजा भी शामिल हैं।

**व्याख्या**:

- दुर्योधन यहाँ पांडवों की सेना के कुछ और वीर योद्धाओं का उल्लेख करता है। धृष्टकेतु, चेकितान, काशिराज, पुरुजित, कुन्तिभोज और शैब्य सभी महारथी हैं, जो युद्ध में विशेष स्थान रखते हैं।
- दुर्योधन का यह वर्णन उसकी चिंता को और अधिक स्पष्ट करता है। वह पांडवों की सेना की शक्ति को देखता है और उसके कारण मन में एक प्रकार का भय अनुभव करता है।

**आधुनिक संदर्भ**:

- यह श्लोक हमें यह सिखाता है कि चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें पूरी तैयारी करनी चाहिए। जैसे दुर्योधन ने पांडवों की सेना का विश्लेषण किया, वैसे ही हमें भी अपनी कठिनाइयों और चुनौतियों को समझकर उनके लिए योजना बनानी चाहिए।
- यह श्लोक यह भी संकेत करता है कि अपने विरोधियों की ताकत को पहचानना और उनसे सीखना हमें अधिक सक्षम बनाता है।

---

www.vaidikgurukul.in

ओ३म्

# नैतिक शिक्षा

## (व्यक्तिगत विकास का आधार)



वेद, उपनिषद, गीता, महाभारत तथा रामायण की शिक्षाओं पर आधारित

**आचार्य दीपक**

# विषय-वस्तु

**1.नैतिकता का अर्थ और महत्व............................................................... 1**
**2.नैतिक शिक्षा के स्रोत...................................................................... 3**
**3.नैतिक मूल्यों का परिचय और उनका महत्व........................................... 6**

- सत्य (Truth)
- अहिंसा (Non-violence)
- करुणा और प्रेम (Compassion and Love)
- निष्कपटता (Honesty)
- अनुशासन (Discipline)
- संयम (Self-control)
- संतोष (Contentment)
- सेवा भाव (Selfless Service)
- त्याग (Sacrifice)
- क्षमा (Forgiveness)
- विनम्रता (Humility)
- धैर्य (Patience)
- परोपकार (Charity/Helping Others)
- आत्म-नियंत्रण (Self-restraint)
- न्याय (Justice)
- सहनशीलता (Tolerance)
- दृढ़ता (Perseverance)
- कृतज्ञता (Gratitude)
- नम्रता (Politeness)
- समय-पालन (Punctuality)
- आत्म-निर्भरता (Self-reliance)
- स्वाभिमान (Self-respect)
- श्रद्धा (Faith)
- उदारता (Generosity)
- सुंदरता (Beauty)
- दान
- यज्ञ (Yagya)
- तप (Tapasya)
- सफलता (Success)
- ब्रह्मचर्य (Celibacy)
- विवेक (Discretion)
- धर्म (Dram)
- कर्म (Karm)

www.vidyagurukul.in

- सत्संग (Satsang) और स्वाध्याय (Self-study)
- ध्यान (Meditation) और आत्म-चिंतन (Self-reflection)
- ज्ञान और विज्ञान
- वाणी (Speech)
- आचरण
- चरित्र और मर्यादा
- संकल्प

**4.नैतिक मूल्यों का जीवन पर प्रभाव........................................................ 83**
**5.रामायण की नैतिक शिक्षाएं............................................................... 86**

- श्री राम का सत्य और वचन पालन
- सीता की करुणा एवं दया
- लक्ष्मण की निष्ठा, मर्यादा और कर्तव्यपरायणता
- भरत का त्याग और आदर्श नेतृत्व
- कैकयी स्वार्थ और लालच का प्रतीक
- हनुमान की वीरता, भक्ति और सेवा
- विभीषण की धर्मनिष्ठा
- सुग्रीव की मित्रता और नेतृत्व
- जटायू का त्याग और वीरता
- रावण का पतन और धर्म की विजय
- श्री राम का आदर्श नेतृत्व: धर्म के लिए समर्पण
- श्री राम का करुणा और प्रेम: शबरी और जटायू के प्रति सम्मान
- श्री राम का साहस और धैर्य
- श्री राम का अनुशासन और उसका महत्व

**6. महाभारत से नैतिक शिक्षाएँ.............................................................. 113**

- भीष्म पितामह: त्याग और निष्ठा के अमर प्रतीक
- अर्जुन: कर्तव्य, समर्पण, और धर्म का प्रतीक
- द्रौपदी: नारी शक्ति और आत्मसम्मान की प्रतीक
- विदुर: धर्म, न्याय, और नीति का आदर्श
- दुर्योधन: अहंकार और अधर्म का प्रतीक
- धृतराष्ट्र: अंध मोह और कर्तव्य की उपेक्षा का प्रतीक
- श्री कृष्ण: धर्म, नीति के आदर्श
- कुंती: त्याग, धैर्य और मातृत्व का प्रतीक
- कर्ण: अभिमान, दानशीलता और त्रासदी का प्रतीक

**7. भगवद गीता की नैतिक शिक्षाएँ: अध्याय बार आधुनिक संदर्भ ................. 142**

- अध्याय 1: अर्जुन विषाद योग (आध्यात्मिक भ्रम और नैतिक संघर्ष)
- अध्याय 2: सांख्य योग (ज्ञान और कर्म का संतुलन)
- अध्याय 3: कर्म योग (कर्तव्य का महत्व)

- अध्याय 4: ज्ञान कर्म संन्यास योग (ज्ञान और कर्म का मेल)
- अध्याय 5: कर्म संन्यास योग (त्याग और कर्म का संतुलन)
- अध्याय 6: ध्यान योग (मन का अनुशासन)
- अध्याय 7: ज्ञान विज्ञान योग (परमात्मा का ज्ञान)
- अध्याय 8: अक्षर ब्रह्म योग (मृत्यु और जीवन का रहस्य)
- अध्याय 9: राजविद्या राजगुह्य योग (भक्ति का रहस्य)
- अध्याय 10: विभूति योग (ईश्वर की महिमा)
- अध्याय 11: विश्वरूप दर्शन योग (ईश्वर का दिव्य रूप)
- अध्याय 12: भक्ति योग (भक्ति का महत्व)
- अध्याय 13: क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ योग (शरीर और आत्मा का ज्ञान)
- अध्याय 14: गुणत्रय विभाग योग (तीन गुणों का ज्ञान)
- अध्याय 15: पुरुषोत्तम योग (परम पुरुष का ज्ञान)
- अध्याय 16: दैवासुर संपद विभाग योग (दैवी और आसुरी गुण)
- अध्याय 17: श्रद्धात्रय विभाग योग (श्रद्धा के प्रकार)
- अध्याय 18: मोक्ष संन्यास योग (मोक्ष का अंतिम मार्ग)
- निष्कर्ष: भगवद गीता की समग्र शिक्षा

**8. एकादशोपनिषद के नैतिक शिक्षाएं.................................................... 193**
- ईशोपनिषद: ब्रह्मांड की एकता और संतुलन
- केन उपनिषद: आत्मा, ज्ञान, और भक्ति का महत्व
- कठोपनिषद: मृत्यु, आत्मा, और जीवन का रहस्य
- छांदोग्य उपनिषद: शिक्षा, ध्यान, और आत्मा का मार्ग
- बृहदारण्यक उपनिषद: आत्मा की स्वतंत्रता और ब्रह्म का ज्ञान
- मुंडक उपनिषद: सच्चे और झूठे ज्ञान का भेद
- तैत्तिरीय उपनिषद: सत्य, आनंद, और नैतिकता का मार्ग
- मांडूक्य उपनिषद: ओम और आत्मा का स्वरूप
- श्वेताश्वतर उपनिषद: ईश्वर, भक्ति, और कर्म का महत्व
- ऐतरेय उपनिषद: सृष्टि, आत्मा, और जीवन का रहस्य
- प्रश्नोपनिषद: ब्रह्मांड, प्राण, और जीवन के छह प्रश्न

**9. नैतिक मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने के उपाय............................ 233**
**10. नैतिक शिक्षा और आधुनिक युग की चुनौतियाँ................................. 240**
**11. नैतिक शिक्षा का भविष्य और हमारी भूमिका................................. 242**
**12. नैतिक मूल्यों की वैश्विक प्रासंगिकता.................................................. 244**
**13. विद्यार्थियों के लिए नैतिक शिक्षा...................................................... 245**
**14. शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य............................................................. 249**
**15. आदर्श दैनिक दिनचर्या.................................................................... 250**
**16. उपसंहार........................................................................................ 255**
**17. वैदिक शास्त्रों के प्रामाणिक स्रोत..................................................... 257**

# भूमिका

नैतिकता, मानव जीवन का मूल आधार है। यह केवल व्यक्तिगत जीवन को संवारने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज, राष्ट्र और समग्र विश्व के कल्याण का आधार भी है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में नैतिकता का विशेष महत्व है। पृथ्वी पर जीवन को सुंदर और सार्थक बनाने के लिए धर्म, सत्य, करुणा, और ज्ञान का विशेष महत्व है। हमारे प्राचीन ग्रंथ - वाल्मीकि रामायण, महाभारत, भगवद गीता और उपनिषद - इन मूल्यों की अद्भुत व्याख्या करते हैं। ये केवल कहानियाँ नहीं हैं, बल्कि जीवन जीने का मार्गदर्शन हैं। इन ग्रंथों में छुपे हुए नैतिक और आध्यात्मिक संदेश हमारे जीवन को उत्कृष्ट बना सकते हैं, विशेष रूप से बच्चों के लिए, जो हमारी संस्कृति और मूल्यों के भविष्य निर्माता हैं।

इस पुस्तक का उद्देश्य इन अमूल्य शिक्षाओं को सरल भाषा में प्रस्तुत करना है, ताकि आज की युवा पीढ़ी इन कहानियों से प्रेरणा लें और अपने जीवन में उनका उपयोग कर सकें। **रामायण** हमें सत्य, वचन-पालन और करुणा का महत्व सिखाती है। **महाभारत** हमें धर्म और न्याय का गूढ़ अर्थ समझाती है। **भगवद गीता** जीवन के संघर्षों में धैर्य और कर्तव्य की प्रेरणा देती है। **उपनिषद** हमें आत्मज्ञान और परम सत्य की खोज में प्रेरित करते हैं। इन ग्रंथों की शिक्षाएँ हजारों वर्षों से प्रासंगिक रही हैं और आज भी हमारे लिए उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

मानव जीवन का वास्तविक सौंदर्य उसके **चरित्र** और **मूल्यों** में निहित होता है। जीवन में जब सत्य, धर्म, करुणा और अनुशासन के सिद्धांतों का पालन किया जाता है, तब वह जीवन न केवल स्वयं के लिए उपयोगी होता है, बल्कि समाज और संपूर्ण विश्व के लिए भी प्रेरणास्रोत बन जाता है। नैतिकता (Ethics) वह आधारशिला है जिस पर व्यक्ति का चारित्रिक विकास और समाज की उन्नति निर्भर करती है।

**"नैतिक शिक्षा: व्यक्तिगत विकास का आधार"** नामक यह पुस्तक नैतिक मूल्यों के महत्व को समझाने और उन्हें दैनिक जीवन में उतारने की प्रेरणा देने का एक विनम्र प्रयास है। वर्तमान समय में, जब भौतिकवाद और स्वार्थपरता के कारण नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है, तब नैतिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह पुस्तक उन सिद्धांतों और विचारों का संकलन है जो **वेदों, उपनिषदों, भगवद गीता, रामायण, महाभारत** और महान ऋषियों के उपदेशों से प्रेरित हैं।

प्राचीन वैदिक ऋषियों ने कहा है:
**"सत्यं वद। धर्मं चर।"** *(सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो)*

यह उपदेश हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्म ही मानव जीवन की सर्वोच्च मर्यादाएँ हैं। नैतिकता केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं है, बल्कि यह एक **जीवनशैली** है, जिसका पालन करना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। यह पुस्तक उन मार्गों को स्पष्ट करती है, जिनसे व्यक्ति अपने आचरण में नैतिकता और मूल्य आधारित जीवनशैली को अपनाकर आत्म-सुधार और समाज कल्याण कर सकता है।

आधुनिक समाज में तकनीकी उन्नति और आर्थिक प्रगति के बावजूद नैतिक पतन की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। भ्रष्टाचार, हिंसा, स्वार्थपरता, और सामाजिक विघटन ने मानवीय मूल्यों को चुनौती दी है। ऐसे समय में हमें वेदों और भगवद गीता के अमूल्य संदेशों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता में उपदेश देते हुए कहा: **"स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः"** *(अपने कर्तव्यों का पालन करना ही श्रेष्ठ है; दूसरे के कर्तव्यों का अनुकरण विनाशकारी है)* इस संदेश का सार यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और सत्य तथा धर्म के मार्ग से कभी विचलित नहीं होना चाहिए।

## पुस्तक का उद्देश्य

इस पुस्तक का उद्देश्य पाठकों में नैतिक जागरूकता लाना है। यह पुस्तक:

1. **वेदों, उपनिषदों और भगवद गीता** के मूल सिद्धांतों को सरल भाषा में प्रस्तुत करती है।
2. नैतिक मूल्यों जैसे – **सत्य, अहिंसा, करुणा, सेवा भाव और सत्यनिष्ठा** का महत्व समझाती है।
3. विद्यार्थियों, परिवार और समाज के लिए नैतिक शिक्षा के व्यवहारिक पक्ष पर प्रकाश डालती है।
4. महापुरुषों के जीवन प्रसंगों और प्रेरक कहानियों के माध्यम से नैतिक आदर्श प्रस्तुत करती है।

## हमारा कर्तव्य

हमें समझना चाहिए कि नैतिक शिक्षा किसी विशेष वर्ग, उम्र या परिस्थिति तक सीमित नहीं है। यह जीवन का आधार है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक, विद्यार्थियों से लेकर शिक्षकों तक, और सामान्य मनुष्यों से लेकर समाज के नेताओं तक सभी के लिए समान रूप से आवश्यक है।

www.vaidikgurul.in

आइए, इस पुस्तक के माध्यम से हम नैतिकता के उन दिव्य सिद्धांतों को समझें और जीवन में उतारने का प्रयास करें। यह पुस्तक आपको न केवल आत्म-निर्माण की प्रेरणा देगी, बल्कि एक **आदर्श समाज** के निर्माण में भी योगदान देगी।

**"धर्मो रक्षति रक्षितः"** *(जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है)*
इसी भावना के साथ, मैं इस पुस्तक को आपके हाथों में समर्पित करता हूँ। आशा करता हूँ कि यह पुस्तक आपको सत्य, धर्म और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।

**- आचार्य दीपक**

www.vaidikgurukul.in

# (1)
# नैतिकता का अर्थ और महत्व

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है मनुष्य अकेले नहीं जी सकता। मनुष्य का अस्तित्व समाज में परस्पर निर्भरता और सहयोग पर आधारित है। समाज में रहते हुए, हर व्यक्ति अपने आस-पास के लोगों के साथ संवाद, सहयोग और सहभागिता करता है। यह सामाजिकता ही मनुष्य को अन्य जीवों से अलग बनाती है। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, तर्कशक्ति, और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। यह उसे समाज के नियम-कानून समझने और उनका पालन करने के लिए प्रेरित करती है। **नैतिकता (Ethics)** यह सही और गलत का बोध कराती है। नैतिकता व्यक्ति को दूसरों के साथ सम्मान, सहिष्णुता, और न्याय के साथ व्यवहार करने की प्रेरणा देती है। नैतिकता केवल नियमों का पालन या बाहरी व्यवहार की शुद्धता का नाम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के **आंतरिक चरित्र** और उसकी आत्मा का सच्चा प्रतिबिंब है। "नैतिक" शब्द संस्कृत के 'नीति' शब्द से बना है जिसका अर्थ है – **सही और गलत का विवेकपूर्ण निर्णय लेना**। मानव जीवन में नैतिक मूल्यों का स्थान उतना ही अनिवार्य है जितना शरीर के लिए प्राणवायु का।

### नैतिकता का परिभाषा

नैतिकता वह मानक है, जिसके माध्यम से हम अपने विचारों, शब्दों और कार्यों को उचित या अनुचित, सही या गलत, और धर्म या अधर्म के पैमाने पर तौलते हैं। यह मानक हमें अपने जीवन में **सत्य, अहिंसा, करुणा, सत्यनिष्ठ और न्याय** जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

**"सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।"** (सत्य बोलो, परंतु प्रिय बोलो; ऐसा सत्य मत बोलो जो अप्रिय हो।) मनुस्मृति 4/138

इस श्लोक का तात्पर्य यह है कि सत्य की अभिव्यक्ति भी सद्भाव और करुणा से की जानी चाहिए ताकि वह दूसरों के लिए प्रेरणादायक हो और किसी को हानि न पहुँचाए।

### नैतिकता का महत्व

**1. जीवन के चारित्रिक विकास में नैतिकता**

मनुष्य का चरित्र ही उसके जीवन का वास्तविक गहना है। चरित्रहीन व्यक्ति का जीवन अंधकारमय होता है, जबकि नैतिकता से युक्त जीवन **सत्य और प्रकाश** की ओर अग्रसर होता है। भगवान श्रीराम का चरित्र मर्यादा और सत्य का प्रतीक है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म का पालन किया।

**"चरित्र ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है।"**

**2. समाज में शांति और सद्भावना**
नैतिकता के बिना समाज अराजकता का शिकार हो जाता है। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन करता है और सत्य, करुणा, तथा न्याय का मार्ग अपनाता है, तब समाज में शांति और सद्भाव की स्थापना होती है।

भगवद गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं: **"यद् यदाचरति श्रेष्ठः तत्तदेवेतरो जनः।"**
*(श्रेष्ठ पुरुष जैसा आचरण करते हैं, सामान्य लोग उनका अनुसरण करते हैं।)*
इसलिए समाज के नेताओं, माता-पिता, शिक्षकों और विद्वानों का यह दायित्व है कि वे अपने आचरण से नैतिक आदर्श प्रस्तुत करें।

**3. आत्मिक और मानसिक शांति**
नैतिकता का पालन करने वाला व्यक्ति आत्मिक रूप से शुद्ध और शांत रहता है। झूठ, छल-कपट और अधर्म से भरा जीवन मनुष्य को मानसिक अशांति, अपराधबोध और तनाव में डालता है।

**"सत्य और धर्म का पालन करने वाला व्यक्ति स्वयं से संतुष्ट रहता है।"**

**4. सफलता में नैतिकता की भूमिका**
नैतिकता का अर्थ यह नहीं है कि हम जीवन के संघर्षों से पलायन कर जाएँ। बल्कि यह हमें सिखाती है कि सफलता की राह पर चलते हुए हम अपने सिद्धांतों से समझौता न करें।

**उदाहरण: राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा**
राजा हरिश्चंद्र सत्य और धर्म के प्रतीक थे। उन्होंने अपना सबकुछ खो दिया – राज्य, धन और परिवार, परंतु सत्य के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। उनकी सत्यनिष्ठा की परीक्षा कठिन थी, परंतु अंततः सत्य की विजय हुई। यह कथा हमें सिखाती है कि सत्य और नैतिकता का पालन करने में कठिनाई अवश्य होती है, परंतु अंत में विजय धर्म की ही होती है।

**नैतिकता का वर्गीकरण**
नैतिकता को तीन मुख्य स्तरों पर समझा जा सकता है:

1. **व्यक्तिगत नैतिकता (Personal Ethics):**
   - अपने विचारों, व्यवहार और आदतों में सत्यनिष्ठा और अनुशासन का पालन।
   - सत्य बोलना, अहिंसा का पालन करना, और आत्म-नियंत्रण रखना।
2. **पारिवारिक नैतिकता (Family Ethics):**
   - माता-पिता, गुरु और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना।
   - परिवार के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना।
3. **सामाजिक नैतिकता (Social Ethics):**
   - समाज में सहानुभूति, सेवा-भाव और न्याय का पालन करना।

- ○ भ्रष्टाचार, हिंसा और अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना।

नैतिकता व्यक्ति को एक ऐसा जीवन जीने की प्रेरणा देती है जो दूसरों के लिए भी आदर्श बने। यह केवल बाहरी आचरण का नियम नहीं है, बल्कि आंतरिक आत्म-शुद्धि का मार्ग है। जब हम नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करते हैं, तब हमारा जीवन शांत, संतुलित और सार्थक बनता है।

**"सत्य, करुणा और न्याय की राह पर चलने वाला व्यक्ति न केवल स्वयं का उद्धार करता है, बल्कि संपूर्ण समाज को भी प्रकाशमान करता है।"**

www.vaidicgurukul.in

## (2)
## नैतिक शिक्षा के स्रोत

नैतिक शिक्षा का आधार केवल वर्तमान समय की सामाजिक आवश्यकताएँ नहीं हैं, बल्कि यह सनातन सत्य है जो प्राचीन काल से ही हमारे महर्षियों और ऋषियों द्वारा स्थापित किया गया है। **वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत** और अन्य दार्शनिक ग्रंथ हमारे जीवन को दिशा देने वाले नैतिक आदर्शों का भंडार हैं।

### 1. वेदों में नैतिक शिक्षा

**वेद** सनातन ज्ञान का मूल स्रोत हैं। वे केवल कर्मकांड या आध्यात्मिक उपदेश ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की **नीतियाँ** और **मूल्य** भी बताते हैं। वेदों में सत्य, धर्म, करुणा, त्याग, और संयम जैसे नैतिक गुणों पर बल दिया गया है।

**ऋग्वेद**

ऋग्वेद में सत्य को जीवन का आधार बताया गया है: **"सत्यं च अनृतं च सत्यमभवत्।"** *(ऋग्वेद 10.190.1) (सत्य और असत्य में सत्य की ही विजय होती है।)* सत्य को ही परम धर्म कहा गया है, क्योंकि सत्य के बिना जीवन की कोई दिशा नहीं होती।

**यजुर्वेद**

यजुर्वेद हमें नैतिकता और कर्तव्य के पालन की शिक्षा देता है: **"कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः।"** *(यजुर्वेद 40.2) (अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सौ वर्षों तक जीने की इच्छा करो।)* यह मंत्र हमें बताता है कि कर्तव्य का पालन करते हुए जीवन जीना ही सच्ची नैतिकता है।

### अथर्ववेद

अथर्ववेद में समाज में शांति, प्रेम और सद्भाव की आवश्यकता पर बल दिया गया है: **"शं नो अस्तु द्विपदे शं चतुष्पदे।"** *(अथर्ववेद 1.31.4) (दो पाँव वाले प्राणी और चार पाँव वाले जीवों के बीच शांति बनी रहे।)* यह मंत्र हमें सभी जीवों के प्रति करुणा और प्रेम का व्यवहार सिखाता है।

### 2. उपनिषदों में नैतिक शिक्षा

**उपनिषद** वेदों का सार हैं। इनमें आध्यात्मिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक जीवन के सिद्धांतों का गहन विवेचन मिलता है। उपनिषदों का मुख्य संदेश है: **"सत्यं वद, धर्मं चर।"** *(तैत्तिरीयोपनिषद् 1.11.1) (सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो।)* यह शिक्षा हमें यह बताती है कि सत्य और धर्म का पालन ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य होना चाहिए।

### तैत्तिरीयोपनिषद

तैत्तिरीयोपनिषद में गुरु अपने शिष्य को जीवन के मूल सिद्धांतों का उपदेश देते हैं:

1. **सत्य बोलना (सत्यं वद)।**
2. **कर्तव्य का पालन करना (धर्मं चर)।**
3. **गुरु और माता-पिता का सम्मान करना।**
4. **अतिथियों का आदर करना (अतिथि देवो भव)।**

यह उपदेश हमें सिखाते हैं कि जीवन में सत्य, कर्तव्य, और सेवा-भाव का पालन करना अनिवार्य है।

### छांदोग्य उपनिषद

इस उपनिषद में सत्य को ब्रह्म कहा गया है: **"सत्यमेव जयते।"** *(मुंडकोपनिषद् 3.1.6) (सत्य की ही हमेशा विजय होती है।)* यह वाक्य हमें सिखाता है कि असत्य चाहे जितनी बड़ी सफलता दिला दे, अंततः सत्य की ही विजय होती है।

### 3. भगवद गीता में नैतिक शिक्षा

**भगवद गीता** नैतिकता और कर्तव्य का सर्वोच्च ग्रंथ है। यह हमें धर्म और अधर्म के बीच के भेद को समझाते हुए सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। गीता का प्रत्येक श्लोक जीवन के किसी न किसी पक्ष पर प्रकाश डालता है।

### कर्तव्य और स्वधर्म

श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्तव्य पालन का उपदेश देते हुए कहते हैं: **"स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।"** *(भगवद गीता 3.35) (अपने कर्तव्यों का पालन करना श्रेष्ठ है; दूसरों के कर्तव्यों का अनुकरण करना भयावह है।)* यह शिक्षा हमें बताती है कि हमें अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए।

www.vaidikgurukul.in

### अहिंसा और समता का सिद्धांत
भगवद गीता में कहा गया है: **"विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥"** *(भगवद गीता 5.18) (ज्ञानी व्यक्ति सभी को – चाहे वह ब्राह्मण हो, हाथी हो, गाय हो, या कुत्ता – समान दृष्टि से देखता है।)*
इस श्लोक का तात्पर्य है कि सच्चा ज्ञान वही है जो हमें **समानता**, **अहिंसा** और **करुणा** का भाव सिखाए।

### सत्य और धर्म की राह पर चलना
श्रीकृष्ण कहते हैं:**"योगः कर्मसु कौशलम्।"** *(भगवद गीता 2.50) (कर्मों को कुशलतापूर्वक और धर्म के साथ करना ही योग है।)* यह शिक्षा हमें सिखाती है कि कोई भी कार्य करते समय धर्म और नैतिकता का ध्यान रखना अनिवार्य है।

### 4. मनुस्मृति में नैतिक शिक्षा
**मनुस्मृति** में व्यक्ति के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक कर्तव्यों का विस्तृत वर्णन है। यह ग्रंथ हमें सिखाता है कि जीवन में संयम, मर्यादा और धर्म का पालन कैसे किया जाए।

### व्यक्तिगत जीवन के लिए नियम
- **सत्यनिष्ठा:** सत्य बोलना और सत्य का पालन करना।
- **अहिंसा:** किसी को भी मन, वचन या कर्म से हानि न पहुँचाना।
- **संयम:** इंद्रियों और मन पर नियंत्रण रखना।

### समाज के प्रति कर्तव्य
मनुस्मृति में कहा गया है कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह: **"धर्मो रक्षति रक्षितः।"** *(मनुस्मृति 8.15) (जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है।)*

नैतिक शिक्षा के ये स्रोत हमें यह सिखाते हैं कि सत्य, धर्म, अहिंसा, करुणा और कर्तव्य पालन ही जीवन का सार है। वेद, उपनिषद, भगवद गीता और मनुस्मृति के उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने हजारों वर्ष पूर्व थे। इन शास्त्रों का अध्ययन और उनके सिद्धांतों का पालन करके ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। आगे के अध्यायों में हम इसका विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे।
**"सत्य, धर्म और करुणा का मार्ग कठिन हो सकता है, लेकिन यही वह मार्ग है जो हमें सच्चे आनंद और शांति की ओर ले जाता है।"**